संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 169 मंगलवार 22 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर


### चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है...



**अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी ने उठाया महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा**

**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2025(ए)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अमेरिकी दौरे पर हैं। यहां ब्राउन यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ एक सेशन में उन्होंने पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि, देश की चुनाव प्रणाली में काफी समस्या हैं। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर भी आरोप लगाए हैं।

### पोप फ्रांसिस का निधन




**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2025(ए)।** पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है. 88 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। वैटिकन ने उनके निधन की पुष्टि कर दी है। वह लंबे समय से बीमार थे। वैटिकन ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है। उनके दोनों फेफड़ों में न्यूमोनिया था, जिसकी वजह से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। वह लंबे समय तक अस्पताल में थे और हाल में ही अस्पताल से डिस्चार्ज हुए थे।

### नेता प्रतिपक्ष गिरफ्तार



**भाजपा नेता की शिकायत पर एक्शन**

**इंदौर,21 अप्रैल 2025(ए)।** इंदौर नगर निगम के विपक्षी नेता चिंटू चौकसे को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई चौकसे और उनके परिवार के बीजेपी नेता कपिल पाठक के परिवार के बीच हुए झगड़े के बाद हुई। चिंटू चौकसेकी गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने मध्य प्रदेश सरकार पर अपने सदस्यों को गलत तरीके से निशाना बनाने का आरोप लगाया।

### राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं10 दिन में स्टेटस रिपोर्ट दे केंद्र सरकार



**नई दिल्ली ,21 अप्रैल 2025(ए)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर सख्त रुख अख्तियार कर लिया। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को राहुल गांधी की नागरिकता पर स्पष्ट रिपोर्ट दस दिन में देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं।

### कंटेनर से टकराई स्कॉर्पियो,चार की मौत

**नीमच,21 अप्रैल 2025 (ए)।** नीमच-नसीराबाद हाईवे पर एक कंटेनर से स्कॉर्पियो टकरा गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।



हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसा मध्यप्रदेश राजस्थान की सीमा पर रविवार रात करीब 11 बजे हुआ। सभी लोग उज्जैन के रहने वाले हैं। इनकी उम्र 18 से 27 साल के बीच है। ये लोग सांवरिया सेठ दर्शन करने जा रहे थे।

# टीएमसी नेताओं की बढ़ी मुश्किलें

- » दिल्ली की अदालत ने जारी किया समन...
- » पिछले साल चुनाव आयोग के सामने किया था प्रदर्शन
- » टीएमसी नेताओं को 30 अप्रैल को अदालत में पेश होने का समन जारी किया
- » आरोप है कि नेताओं ने धारा 144 का उल्लंघन कर प्रदर्शन किया...
- » टीएमसी ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के खिलाफ प्रदर्शन किया था...




### जांच एजेंसियों के खिलाफ दिया था धरना

टीएमसी नेताओं ने सीबीआई,एनआईए,ईडी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के खिलाफ प्रदर्शन किया था। उन्होंने इन जांच एजेंसियों के प्रमुखों को बदलने की मांग की थी। उनका आरोप है कि ये एजेंसियां केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों को निशाना बना रही हैं। टीएमसी के 10 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयुक्त से मुलाकात की थी। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए यह प्रदर्शन करने का फैसला किया था। टीएमसी का आरोप है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, केंद्र की भाजपा सरकार के कहने पर विपक्षी पार्टियों को परेशान कर रही हैं। उनका कहना है कि सरकार इन एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए कर रही है।

**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2025(ए)।** दिल्ली की एक अदालत ने टीएमसी नेता डेरेक ओब्रायन,सागरिका घोष और साकेत गोखले समेत कई नेताओं को तलब किया है। इन नेताओं पर आरोप है कि उन्होंने पिछले साल अप्रैल में चुनाव आयोग के सामने प्रदर्शन किया था। अदालत ने यह समन इसलिए जारी किया क्योंकि उस समय धारा 144 लागू थी, जिसके तहत प्रदर्शन करना गैरकानूनी था। अदालत ने सभी आरोपियों को 30 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है।

**चुनाव आयोग के सामने किया था प्रदर्शन**

दिल्ली पुलिस के अनुसार, पिछले साल 8 अप्रैल को ये सभी आरोपी चुनाव आयोग के मुख्य द्वार पर जमा हुए थे। पुलिस का कहना है कि उन्होंने बिना अनुमति के और धारा 144 लागू रहने के बावजूद प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनके हाथों में तख्तियां और बैनर थे। इसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की। अदालत ने इस मामले में चार्जशीट और एफआईआर का अध्ययन किया। कोर्ट ने कहा, ÷हमने चार्जशीट के साथ-साथ शिकायत का भी अध्ययन किया है... हम आईपीसी की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा दिये गए आदेश की अवज्ञा), 145 (अवैध रूप से एकत्र होना) और 34 (साझा इरादा रखना) के तहत दंडनीय अपराधों का संज्ञान लेते हैं। सभी आरोपियों को 30 अप्रैल 2025 को जांच अधिकारी) के माध्यम से तलब किया जाए।



**इन नेताओं को जारी किया गया समन**

जिन अन्य टीएमसी नेताओं को तलब किया गया है, उनमें शांतनु सेन, डोला सेन, नदीमुल हक, विवेक गुप्ता, अर्पिता घोष, अबीर रंजन बिश्वास और सुदीप राहा शामिल हैं। इन सभी को भी 30 अप्रैल को अदालत में पेश होना होगा।

## निशिकांत दुबे पर अवमानना मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट टिप्पणी-हमारी अनुमति की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब उनके खिलाफ अवमानना याचिका दाखिल करने की तैयारी है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दाखिल करने को लेकर अहम टिप्पणी की है।

**मामला दर्ज करने के लिए अनुमति जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट**

अवमानना याचिका दायर करने की मांग लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे एक वकील ने अदालत से कहा कि दुबे की टिप्पणियों से अदालत की गरिमा को ठेस पहुंची है और यह अवमानना के दायरे में आता है। इस पर न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने स्पष्ट किया, आप याचिका दायर करें,इसके लिए हमारी अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

हालांकि पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में याचिकाकर्ता को अटॉर्नी जनरल की मंजूरी लेना जरूरी होगा।

**क्या कहा था निशिकांत दुबे ने ?**

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश पर निशाना साधते हुए कहा था, अगर कानून बनाना सुप्रीम कोर्ट का काम है, तो फिर संसद और राज्य विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने संजीव खन्ना को देश में गृह युद्धों के लिए जिम्मेदार ठहराने जैसे तीखे शब्दों का भी इस्तेमाल किया था।

**सुप्रीम कोर्ट की गरिमा पर सवाल**

दुबे की इन टिप्पणियों को लेकर राजनीतिक और कानूनी हलकों में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस तरह की बयानबाजी न केवल न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाती है, बल्कि संवैधानिक संस्थानों के बीच संतुलन को भी प्रभावित करती है।

## मुर्शिदाबाद में हिंसा कर के भाग आए ओडिशा,पुलिस ने 8 को दबोचा

**मुर्शिदाबाद ,21 अप्रैल 2025 (ए)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले से 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, पकड़े गए लोग मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में शामिल थे। बता दें कि इस हिंसा का संबंध वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर हुए बवाल से है। गिरफ्तार लोगों में जियाउल हक के दो बेटे भी शामिल हैं। जियाउल हक मुर्शिदाबाद के जफराबाद में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी है।



अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, पकड़े गए ये सभी आठ आरोपी ओडिशा के बनहरपाली थाना क्षेत्र में मजदूरी का काम कर रहे थे। ईद के बाद वे मुर्शिदाबाद गए थे, जहाँ उन्होंने वक्फ अधिनियम को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन में भाग लिया। इसके बाद वे वापस झारसुगुड़ा लौट आए और मजदूर बन कर काम करने लगे।



## मुठभेड़ में 1 करोड़ के इनामी समेत 8 नक्सली ढेर

**एके 47 समेत ये हथियार बरामद,**

**बोकारो,21 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य झारखंड में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। बोकारो जिले में आज यानी 21 अप्रैल को कोबरा की 209 बटालियन के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। कई घंटे चली मुठभेड़ में 1 करोड़ रुपए के इनामी नक्सली विवेक मारा गया है। मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, जिसमें अब तक कुल 8 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बोकारो के जंगलों हुई इस मुठभेड़ के बाद मौके से एक स्क्र दो इंसास राइफल और एक पिस्तौल बरामद किए गए हैं। राहत की खबर है कि, ऑपरेशन में किसी जवान को कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, इस ऑपरेशन के बाद पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में बताई जा रही है।

## पापा से रोज झगड़ती थी मां और बहन,बेटे ने बताई पूरी कहानी

**बेंगलुरु,21 अप्रैल 2025 (ए)।** बेंगलुरु में कर्नाटक के पूर्व डीजीपीओम प्रकाश की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिसका आरोप उनकी पत्नी लग रहा है। पुलिस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि दंपति के बीच अक्सर झगड़ा होता था और पत्नी ने पहले भी अपने पति को जान से मारने की धमकी दी थी। 1981 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के 68 साल के अधिकारी ओम प्रकाश कल अपने बेंगलुरु स्थित घर में खून से लथपथ मृत पाए गए थे। उनके पेट और सीने पर चाकू से कई वार किए गए थे। सूत्रों के मुताबिक-पत्नी ही मुख्य आरोपी है। तीखी बहस के बाद पल्लवी ने प्रकाश के चेहरे पर मिर्ची पाउडर फेंक दिया। प्रकाश जलन के कारण इधर-उधर भागने लगे तभी पल्लवी ने उन पर चाकू से कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद पल्लवी ने अपनी दोस्त को फोन किया और कहा कि मैंने राक्षस को मार दिया।



## बेंगलुरु में आईएएफके विंग कमांडर की पिटाई

**बेंगलुरु,21 अप्रैल 2025 (ए)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शिलादित्य और उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता के साथ खुलेआम मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है और आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है लेकिन अब इस मामले पर वायुसेना और सेना के बड़े अधिकारियों और पूर्व अधिकारियों के बयान भी सामने आ रहे हैं। विंग कमांडर की पिटाई मामले पर भारतीय वायु सेना का बयान भी सामने आया है। वायु सेना ने कहा है कि विंग कमांडर फाइटर पायलट हैं और उनकी पत्नी डीआरडीओ में हैं और वायुसेना में अधिकारी हैं।



## पुलिया से खाई में गिरा-तूफान वाहन,6 की मौत,2 साल की मासूम ने भी तोड़ा दम

**रायसेन,21 अप्रैल 2025 (ए)।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि तूफान गाड़ी अनियंत्रित होकर पुलिया से खाई में गिर गई। इस घटना में दो साल की मासूम बच्ची ने भी दम तोड़ दिया। वहीं दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग घायल हो गए। यह सभी शादी समारोह से बिहार से इंदौर लौट रहे थे। यह पूरी घटना सुल्तानपुर थाना क्षेत्र की है।






## नीले ड्रम के बाद अब सूटकेस में मिली लाश

**भांजे के प्यार में पागल हुई मामी**

**देवरिया,21 अप्रैल 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में नीले ड्रम में पति की हत्या का मामला अभी लोगों के जेहन से उतरा भी नहीं था कि देवरिया में भी वैसी ही सनसनीखेज वारदात सामने आई। यहां एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की बेरहमी से हत्या कर शव को सूटकेस में ठूंस दिया और उसे फेंक दिया। दरअसल, देवरिया के तरकुलवा थाना क्षेत्र के पकड़ी छापर पठखौली गांव में गेहूं के खेत में कुछ लोगों ने सुबह एक सूटकेस पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सूटकेस खोला तो उसमें 30 साल के एक युवक का शव मिला, जिसके सिर पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने शव की शिनाख्त और जांच शुरू की तो पता चला कि मृतक मईल थाना क्षेत्र के भटौली गांव का नौशाद (30) है, जो हाल ही में सऊदी अरब से लौटा था। जांच में पत्नी पर शक गहराया। कड़ाई से पूछताछ में उसने सच उगल दिया। उसका अपने रिश्ते के भांजे के साथ अवैध संबंध था। पति के लौटने पर वह उनके रिश्ते में बाधा बनने लगा, जिसके चलते दोनों ने मिलकर उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्या के बाद लाश को सूटकेस में भरकर 50 किलोमीटर दूर सुनसान खेत में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि प्रेमी फरार है।

## पुलिस की गिरफ्त में लेडी डॉन जिकरा की निकल गई हेकड़ी

**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2025 (ए)।** दिल्ली के सीलमपुर में 17 वर्षीय कुणाल की चाकू मारकर हत्या के मामले ने इलाके में सनसनी मचा दी है। इस जघन्य अपराध में अब तक दिल्ली पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कुख्यात 'लेडी डॉन' जिकरा खान का नाम सबसे अहम है। सोमवार को पुलिस हिरासत में ले जाए जाते समय जिकरा ने मीडिया के सामने दावा किया कि वह बेगुनाह है और उसे साजिशन फंसाया जा रहा है। जिकरा को पुलिस वाहन में बिठाए जाने के दौरान पत्रकारों ने उससे सवाल किया, तुमने कुणाल की हत्या क्यों की? इस पर उसने चेहरा ढंके हुए जवाब दिया, मैंने कुणाल को नहीं मारा। मुझे बेवजह फंसाया जा रहा है। वह बार-बार अपनी बेगुनाही दोहराती रही,लेकिन महिला कॉन्सटेबल ने उसे गाड़ी में बिठाकर मौके से हटा दिया।



पुलिस के मुताबिक,17 अप्रैल की शाम सीलमपुर के जे-ब्लॉक, झुग्गी इलाके में कुणाल पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया। वह दूध और समोसे खरीदने घर से निकला था,जब गैंग ने उसे घेरकर हमला किया। गंभीर रूप से घायल कुणाल को परिजन जेपीसी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश फैला दिया, और परिजनों ने सड़क जाम कर न्याय की मांग की।

पुलिस ने इस मामले में साहिल (18), सोहैब (35), नफीस (32), अनीश (19), जाहिदा (42), विकास (29) और दो नाबालिगों सहित नौ आरोपियों को हिरासत में लिया है। जांच में पता चला कि जिकरा और साहिल ने कुणाल की हत्या पिछले साल साहिल पर हुए हमले का बदला लेने के लिए की थी। जिकरा, जो जेल में बंद गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी जोया की बाउंसर रह चुकी है, कथित तौर पर स्थानीय गैंग चलाती है और इलाके में दहशत फैलाती थी।कुणाल की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कहा, ÷मेरे बेटे को बेरहमी से मारा गया। मैं चाहती हूं कि हत्यारों को वैसी ही सजा मिले, जैसी मौत मेरे बेटे को दी गई। पुलिस ने इलाके में 800 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले और दिल्ली-एनसीआर में छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा।जिकरा के वकील अब्दुल गफ्फार ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं हैं और वह कोर्ट में उसकी बेगुनाही साबित करेंगे। इस बीच, पुलिस हत्या में इस्तेमाल हथियारों की तलाश और अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## संपादकीय

# वस्त्र संहिता जरूरी

महाराष्ट्र के सभी मंदिरों में दिशा-निर्देश जारी कर भक्तों से शालीन कपड़े पहनने का आग्रह किया जा रहा है। मंदिरों के न्यासियों का मानना है, धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के लिए ड्रेस कोड यानी वस्त्र संहिता जरूरी है।पुणे के मोरगांव और थेउर, अहिल्यानगर में सिद्धटेक और पिंपरी चिंचवाड़ मोरया गोसावी और रायगढ में खार नारंगी आदि के प्रबंधकों ने श्रद्धालुओं से उचित पोशाक पहनने का अनुरोध किया है। यह स्पष्ट किया गया है कि यह अनिवार्य नहीं है,मगर शिष्टाचार बनाये रखने के लिए सम्मानजनक अपील भर है। इसी साल के शुरुआत में मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धविनायक मंदिर में भी ड्रेस कोड की घोषणा की थी। कुछ अन्य मंदिरों ने जींस,स्कर्ट,शार्ट्स, देह दर्शाना पोशाक पर सख्त पाबंदी लगाई है। यह प्रतिबंध समूचे महाराष्ट्र में लागू करने के प्रयास हैं। शनि शिगणापुर व अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भी यह ड्रेस कोड लागू करने की अपील की गई है। कुछ साल पहले नागपुर के चार मंदिरों में ड्रेस कोड जारी किया था, जिसमें गोपालकृष्ण मंदिर,संकटमोचन पंचमुखी हनुमान,बृहस्पति मंदिर व दुर्गामाता मंदिर शामिल हैं। देशभर के विभिन्न बड़े मंदिरों में तेजी से ड्रेसकोड लागू होते जा रहे हैं। इसका बड़ा कारण यह भी है कि युवाओं में छोटे या बदन उघाड़ू कपड़े पहनने का फैशन चल पड़ा है। वास्तव में अन्य धार्मिक स्थलों मसलन गुरुद्वारों, चर्च व मजारों में इस तरह के ड्रेस कोड हमेशा से चले आ रहे हैं। कुछ धार्मिक स्थलों में सिर ढककर ही प्रवेश की आज्ञा होती है। हालांकि हिन्दू धर्म इन सब को लेकर बेहद सहिष्णु रहा है। तार्किक तौर पर तो बड़े मंदिरों में गर्भगृह में देवताओं की पूजा-अर्चना करने वाले महंत/पुरोहित/पुजारी हमेशा से केवल कमर के नीचे का भाग ढकते हैं। उनकी छाती हमेशा खुली होती है। मंदिर प्रांगण में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा में खलल न हो, न ही उनकी आस्था पर प्रहार हो; यह ख्याल रखना मंदिर प्रबंधन का जिम्मा है। जिन धर्मस्थलों में वस्त्र-संहिता नहीं लागू है, वहां भी पहनावे के प्रति श्रद्धालुओं को सतर्क रहना सीखना चाहिए। आस्थावान होने का तात्पर्य है, भक्तों का प्रयास हो कि उनके कृत्य से किसी अन्य की भावनाएं न आहत हों। न ही वे खुद अपमानित होने वाले कदम उठाएं।

# विनाश के पाँच तोप:शिक्षा से तहसील तक



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

शिक्षा,स्वास्थ्य,चिकित्सा,थाना और तहसील जैसे पाँच संस्थानों की विफलता गंभीर चिंता का विषय है। शिक्षा अब ज्ञान नहीं,कोचिंग और फीस का बाजार बन चुकी है। स्वास्थ्य सेवाएँ निजीकरण की भेंट चढ़ चुकी हैं,जहाँ इलाज से ज्यादा पैकेज बिकते हैं। चिकित्सा व्यवस्था मुनाफाखोरी का अड्डा बन गई है। थाने न्याय की जगह रिश्वत का केंद्र और तहसील एक कागज़ी भूलभुलैया बनकर रह गई है। इन संस्थाओं को सुधारने की जरूरत हैं।

**शिक्षा, स्वास्थ्य,चिकित्सा,**
**थाने औ तहसील।**
**सब मिलकर ताबूत में,**
**ठोंक रहे हैं कील।।**

यह दो पंक्तियाँ महज़ अलंकार नहीं,बल्कि उस निराशा का संगीन उद्घोष हैं,जो आम आदमी की उम्मीदों को कुचलकर उसे निराशा की चुम्बक बनाती हैं। ये पाँच स्तंभों से हमारा समाज अपनी नाजुक मिट्टी का संतुलन बनाये रखता है पर,अफ़सोस,वे स्वयं पत्थर बन चुके हैं।

### शिक्षा:जहाँ बिक रही है विद्या

बचपन से हमें सिखाया गया कि शिक्षा से इंसान का चरित्र बनता है। पर अब चरित्र कहीं बिकता नहीं, बल्कि कोचिंग सेंटर की दीवारों पर टंगा पाया जाता है। दसवीं बोर्ड हो या मेडिकल प्रवेश, सवाल योग्यता का नहीं, पक्षपात और सिफ़ारिश का होता है। वर्दीधारी शिक्षक उस जादुई इकाई में बदल चुके हैं, जहाँ से विद्वता कम, फीस वसूली ज़्यादा जरूरी है। स्मार्ट क्लासरूम में धूल जमी पाठ्यपुस्तकें नहीं, बल्कि अभिभावकों के कष्ट होते हैं। एनआईटी का सपना देखता छात्र, एनपीए (नॉन-परफ़ॉर्मिंग असैट) बन जाता है, क्योंकि रोजगारदाता अब डिग्री नहीं, प्रैक्टिकल स्किल्स मांगते हैं–जिन्हें हासिल करने का रास्ता फीस के अतिरिक्त टेस्ट में दिक्कतें है। वह कोचिंग सेंटर जहाँ प्रवेश परीक्षा की तैयारी होती थी, वह अब नक़दी की परीक्षा लेता है। हर साल लाखों अभिभावक अब्ज़ॉर्ब हो जाते हैं– एक कोचिंग सेंटर की माला में पिरोकर, दूसरा सेंटर की रस्सी से लटका दिए जाते हैं। नतीजा? शिक्षा की किरणें फीकी पड़ चुकी हैं।

### स्वास्थ्य:सेवा नहीं, सेवा शुल्क

स्वास्थ्य सेवा का नाम सुनते ही सरकारी अस्पतालों के मरघट जैसे माहौल की याद ताज़ा हो जाती है। जहाँ प्रतीक्षा कक्ष में पंखे हवा नहीं, बल्कि बीमारी फैलाने की तैयारी करते हैं। डॉक्टर गिनती में कम, प्राइवेट विभागीकरण में ज़्यादा। मरीज तो बस एक 'कैश-काउंटर' बन कर रह गया है। निजी अस्पतालों ने बीमार ग्राहक को 'लक्षित बाजार' मान लिया है। जांच-परीक्षण, एमआरआई, सर्जरी–सब कुछ पैकेज में बिका जाता है। एक छोटी सी खांसी के लिए भी प्रोसिज़र चार्ज लगता है, जबकि कमरे में बिताई एक रात का बिल हृदयाघात से कम नहीं। अगर ग़रीब मौत को गले लगा लेता है, तो उसे सकुशल ताबूत में अंतिम यात्रा के लिए भी केवल 'शव-परिवहन शुल्क'अदा करना होता है। एक मरीज की जिद्दी साँसें किसी को नहीं रुलातीं; केवल उसका बिल रुलाता है। डॉक्टर अब जीवनदायी गुंजन नहीं,जीवनदायी इनकम-रसीद बन गए हैं। चिकित्सकीय कौशल की जगह, बीमा कंपनी के क्रेडेंशियल्स की कीमत पर सौदा होता है। और जब बीमारी हिम्मत हार जाती है, तो अस्पताल भी 'फ्री डिस्चार्ज' का विज्ञापन ऑफ़र कर देता है – ग़रीबों के आखिरी 'मोक्ष' का प्रचार।

### चिकित्सा:इलाज नहीं, मर्ज का मॉल

चिकित्सा शब्द का अर्थ होता है बीमारी का निवारण, पर अब मिक्स-फेक्स का बाज़ार सजीव हो गया है। जनरल प्रैक्टिशनर अब बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल कंपनियों के एजेंट की भूमिका निभाते हैं। हर खांसी पर टेबलेट, हर दर्द पर इंजेक्शन;मर्ज मायाजाल बनता चला जाता है। बिना एमआरआई या सीटी–स्कैन के कोई डॉक्टर अब मर्ज का अंदाज़ा नहीं लगाता। कटघरे में तब मरीज आता है,जब उसकी जेब से दवा का डिब्बा गायब हो जाता है। जॉइंट पेन के इंजेक्शन से 'मेरुदण्ड का व्यापार' फल-फूल रहा है,और किडनी ट्रांसप्लांट का 'वॉर रूम' हड्डियों की चिमत्कार कर रहा है। हर दिन नए मर्ज की लिस्ट एप्रूवल के लिए सीईओ के टेबल पर जमा होती है। यहाँ तक कि आयुर्वेद और यूनानी भी 'लक्ज़री-ब्रांडेड' काउंटर में बिकने लगे हैं। प्रभावी हर्बल फ़ॉर्मूलों की जगह, चाय-पत्ती का ढेर और 'स्ड्ड के चक्के' तुल्य कीमतों में दवा बिक रही है। मरीज तो बस 'फलता प्रमाणपत्र' बन कर रह जाता है, जिसकी असली कीमत उसे तब पता चलती है, जब वह बैंक शाखा में 'सुसाइड नोट' लिखने बैठता है।

### थाने:न्याय नहीं, नोट छापने की मशीन

हमारी कल्पना में पुलिस न्याय का प्रहरी थी, पर अब वह प्रहार का दूत बन चुकी है। थानों में धूल नहीं, बल्कि रिश्वत का आयोजन होता है। मोल-भाव के बाद मुकदमा दर्ज होता है या ठुकरा दिया जाता है। शिकायतकर्ता को पहले परमिशन लेनी पड़ती है–और यदि रुपये नहीं दिए,तो परमिशन के साथ 'खामोशी' भी थमा दी जाती है।
मारूति गाड़ी से टकरा भी जाओ, तो कोर्ट-कचहरी की झकझोराहट से पहले चार्जशीट का पेपर वसूली होती है।फास्ट-ट्रैककी जगह, फास्ट-पेमेंट ट्रैकिंग सिस्टम चालू हो गया है। भारी भरकम बजट मिलने के बावजूद, पुलिस स्टेशन का एकमात्र फ़ंड 'मुझबक़ों की रकम' बन चुका है। इंसान इतना छोटा हो गया है कि दर्ज शिकायत से पहले उसका 'राशन कार्ड' पूछा जाता है।

केस फ़ास्ट-ट्रैक की हकीकत
एफ़आईआर के लिए रिश्वत
बरी होने के लिए और रिश्वत
डीटेंशन में खाने के लिए रिश्वत

और जब इंसाफ़ नसीब हो, तब भी वह'याचिका शुल्क'में डूबकर मर जाता है। एक बार पुलिस की अक्षुण्ण मशीन में फँस गए तो पत्ते नहीं, रुपए उड़ते हैं।

### तहसील:लोकतंत्र का कागज़ी जंगल

तहसील एक ऐसा महल है, जहाँ दस्तावेज़ों की भीड़ में इंसान गुम सा हो जाता है। भूमि का बंटवारा हो या जाति-प्रमाण-पत्र,हर चीज़ के लिए 'पर्ची'की महफ़िल सजती है। सरकारी स्टांपपेपर,ई-सिग्नेचर, ऑनलाइन पोर्टल–सब आधुनिकता के नाम पर जंजाल हैं।
कागज़ी जंगल में सफ़र करते हुए, आदमी भूल जाता है कि उसका मकान है या कागज़ों का 'ब्रोकरेज'। लैंड रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन में पसीना सुखता है, लेकिन 'कमेटी शुल्क' नहीं सूखता। जाति प्रमाण पत्र के लिए 'बैकडेटेड' दस्तावेज़ों का जादूगर हीरो बन जाता है। एक भूल से दस्तावेज़ रद्द, और फिर 'नया दस्तावेज़' यानी नया बिल। यहाँ 'नवाचार' नाम पर फ्लिपकार्ट-पोशाक की तरह 'डिजिटल इमेजिंग' बिक रही है – पर असल में मोबाइल पर मैसेज चेक कराते-कराते आदमी की आत्मा सूख जाती है। 'ऑनलाइन आवेदन' में करंसी के बजाय 'क्रेडिट कार्ड' रोल करता है। और जो भारी-भरकम फीस भरता है, वही असली 'अदालत' में दर्शक बनकर रह जाता है।

### कब बदलेंगी कीलें ?

ये पाँचों स्तंभ,जो हमारे विश्वास के आधार थे, आज ताबूत की कीलें बन चुके हैं। हर समाज में विकार होते हैं, पर जहाँ विकार व्यवस्था की आत्मा बन जाए, वहाँ परिवर्तन की पुकार गूँज उठती है। पर क्या हमारी पुकार चुप्पी तोड़ पाएगी?
हमरी ज़िम्मेदारी हैः शिक्षा के निजी कोचिंग मॉल के बजाय सामुदायिक ज्ञान-केन्द्रों का निर्माण करें। स्वास्थ्य सेवाओं को मुनाफ़े के बजाय मानवता के सिद्धांत पर पुनर्निर्मित करें। चिकित्सा व्यावसायीकरण को विनियमन के जरिए रोके–लाभ का नहीं, इलाज का मानदंड बनाए। पुलिस सुधार अधिनियमों को लागू करें–न्याय के प्रहरी को रिश्वत की मशीन न बनने दें।तहसील और प्रशासनिक सेवाओं में पारदर्शिता लाकर 'कागज़ी जंगल' को 'सुनहरे बग़ीचे' में बदल दें।तब तक तक़दीर की ठोकरें चलेंगी, पर हम खेती की कलम से अंकुरित करेंगे न्याय, सेवा और गरिमा के बीज। तभी शायद ये कीलें ताबूत से जुदा हों, और देश की आत्मा फिर से फड़फड़ाए।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# चिकित्सा विज्ञान का वरदान बन रहा अभिशाप



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब



बीसवीं सदी में प्लेग,हैजा,तपेदिक, डिप्थीरिया और निमोनिया जैसे असंख्य रोगों के आगे लाचार मानव जाति को एंटीबायोटिक्स ने नई आशा दी। यह विज्ञान का वह वरदान था, जिसने जीवन प्रत्याशा को बढ़ाया, नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को घटाया और सर्जरी को सुरक्षित बनाया। परंतु आज, जब हम एंटीबायोटिक प्रतिरोध की वैश्विक महामारी के मुहाने पर खड़े हैं, तो हमें यह सोचने को विवश होना पड़ रहा है कि कहीं यह वरदान हमारे अपने ही हाथों एक अभिशाप में तो नहीं बदल गया है।
हाल ही में मर्डोक चिल्ड्रन रिसर्च इंस्टीट्यूट और क्लिंटन हेल्थ एक्सेस इनिशिएटिव द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन में यह चौंकाने वाला राजफाश सामने आया है कि वर्ष 2022 में 30 लाख से अधिक बच्चों की मृत्यु ऐसे संक्रमणों के कारण हुई जो अब एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोधी हो चुके हैं। यह आंकड़ा केवल मृत्यु का नहीं, बल्कि हमारी वैज्ञानिक मानसिकता के पतन का भी संकेत है।
रोगाणुरोधी प्रतिरोध का यह संकट दर्शाता है कि हमने विज्ञान को केवल त्वरित समाधान के रूप में अपनाया, न कि उसके दीर्घकालिक संदर्भों को समझा। एएमआर तब पैदा होता है जब सूक्ष्मजीव जैसे बैक्टीरिया, वायरस,और फफूंद इस तरह से विकसित हो जाते हैं कि दवाएं उन पर असर नहीं करतीं। इसका प्रमुख कारण एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक और अनुचित प्रयोग है-बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाइयां लेना,अधूरा इलाज छोड़ देना या मामूली लक्षणों पर भी इन दवाओं का उपयोग करना । कोविड महामारी ने इस प्रवृत्ति को और गहरा कर दिया। डर और अनिश्चितता के माहौल में एंटीबायोटिक्स का अंधाधुंध उपयोग हुआ, विशेषकर अस्पतालों में, जहां इन दवाओं को वायरस के संक्रमण पर भी दिया जाने लगा, जबकि वे वायरल बीमारियों पर असर नहीं करतीं ।इसका सबसे भयानक प्रभाव बच्चों पर पड़ा है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से ही कमजोर हैं। अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया में बच्चों की मृत्यु दर में असामान्य वृद्धि देखी गई है। इन क्षेत्रों में एक और दवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता की समस्या है, तो दूसरी और जागरूकता की कमी और अनियंत्रित औषधि वितरण ने समस्या को और विकराल बना दिया है। भारत में बिना चिकित्सक की सलाह के फार्मेसी से दवाइयां लेना आम बात है, जिससे गलत अधूरा इलाज होता है और बैक्टीरिया को प्रतिरोधी बनने का अवसर मिलता है।
इस संकट से निकलने का मार्ग भी विज्ञान के पास है, बशर्ते हम उसे विवेक और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ अपनाएं। पहली आवश्यकता है नीतिगत स्तर पर एंटीबायोटिक्स के उपयोग पर कड़े नियंत्रण की । यदि हमने नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो वह समय दूर नहीं जब साधारण संक्रमण भी जानलेवा बन जाएंगे और हम उसी अंधकार में लौट जाएंगे जहां से विज्ञान ने हमें निकाला था।

# धरा रुपी मां को बचाने के लिए लाल को आगे आना ही होगा:लाल बिहारी लाल



लाल बिहारी लाल,
नई दिल्ली

देश दुनिया में पर्यावरण का तेजी से क्षति होते देख अमेरिकी सीनेटर जेराल्ट नेल्सन ने 7 सितंबर 1969 को घोषणा की कि 1970 के बसंत में पर्यावरण पर राष्ट्रब्यापी जन साधारण प्रदर्शन किया जायेगा। उनकी मुहिम रंग लायी और इसमें 20 लाख से अधिक लोगो ने भाग लिया। और उनके समर्थन में जानेमाने फिल्म और टी.वी. के अभिनेता एड्डी अल्बर्ट ने पृथ्वी दिवस के निर्माण में एक अहम भूमिका अदा किया। यही कारण है कि उनके जन्म दिन 22 अप्रैल के अवसर पर 1970 के बाद हर साल पृथ्वी दिवस मनाया जाने लगा। एल्वर्ट को टी.वी.शो ग्रीन एकर्स में भूमिका के लिए भी जाना जाता है। 141 देशों के पहल पर 1990 में 22 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्तर पर पर्यवरण के मुद्दो को उढाया गया जिसमें पुनः चक्रीकरण के प्रयास को उत्साहित किया गया। और 1992 में रियो दी जेनेरियो में संयुक्त राष्ट संघ ने इसे करवाया। इस सम्मेलन मे ग्लोबल वार्मिग एंव स्वच्छ उर्जा को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। सन 2000 में इंटरनेट ने पूरी दुनिया के कार्यकर्ताओं को एक मंच पर जोड़ने में मदद की जिससे यह मुद्दा ग्लोबल हो गया। वर्ष 2000 में 22 अप्रेल को 500 समुह 192 देशों के करोड़ो लोगो ने हिस्सा लिया। इसके आगे हर साल यह प्रक्रिया चलती रही। सन 2007 में पृथ्वी दिवस का अब तक के सबसे बड़ा आयोजन हुआ जिसमें अनुमानतः हजारों स्थान पर जैसे-कीव,युक्रेन,कानवास, बेनजुएला,तुवालु,मनिला,फिलीपिंस, टोगो,मैड्रीड,स्पेन,लन्दन,और न्यूयार्क के करोड़ो लोगों ने हिस्सा लिया।विकास के इस अंधी दौड़ में पेड़ो की अंधाधुन कटाई, वातावरण में कार्बन मोनो अक्साइड,कार्बन डाईआक्साइड, सल्फर ,सीसा,पारा आदि के साथ-साथ कल-कारखानों के द्वारा धुआ एवं कचरा,कृषी में कीटनाशकों का अधिकाधिक प्रयोग आदी से धरती की बाह्य एवं आन्तरिक दशा काफी दयनीय हो रही है। पृथ्वी की इस दशा को सुधारने के लिए दुनिया के तमाम देश चिंतित है। उनमें भारत भी एक है। गांधी जी ने भी पर्यावरण पर चिंता ब्यक्त करते हुए पृथ्वी मां की रक्षा के लिए सकारात्म कदम उठाने की वकालत की थी। इसके लिए काफी प्रयास भी हुए । प्रौद्योगिकी मंत्रालय से पर्यावरण एवं कृषी मंत्रालय से वन विभाग काटकर तत्कालिन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में 1986 में एक अगल मंत्रालय पर्यावरण एव वन मंत्रालय का गठन किया गया। इसके बाद जल संरक्षण,भूमि संरक्षण और एंव वायु संरक्षण,वन संरक्षण आदि के लिए काफी नियम बनाये गए । फिर भी पृथ्वी से अवैध खनन जारी है।इसके रोकने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाना होगा तभी इस माँ रुपी पृथ्वी को बचाया जा सकता है। वरना पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी के नष्ट होनो से समस्त जीव जन्तु नष्ट हो जायेगे। इसके लिए जरुरी है कि जीवों के इस संकट को समझना ही होगा और पृथ्वी के प्रति अपना दायित्व निभाना होगा तभी पृथ्वी बच पायेगी और जीवों का कल्याण हो पायेगा।

# धरती को प्यार,आत्मीयता और सम्मान दें...



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा, उत्तरप्रदेश

मानव जीवन में अगर कोई सम्बंध सर्वाधिक उदात्त, गरिमामय, पावन और प्रेमपूर्ण है तो वह है मां और पुत्र का सम्बंध। एक मां कभी भी अपनी संतान को भूखा-प्यासा,निर्बल और कष्ट का जीवन जीते नहीं देख सकती और ऐसा कोई पुत्र भी नहीं होगा जो मां की कराह सुन व्याकुल और व्यथित न हो। यही कारण है कि ऋषियों ने पृथ्वी की वन्दना माता के रूप में की। 'माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः' अथर्ववेद का यह सूत्र वाक्य धरती और मानव के सम्बंधों की न केवल गरिमामय व्याख्या करता है बल्कि धरती के प्रति मानवीय कर्तव्यों का निर्धारण भी। न केवल मानव के जीवन यापन के लिए बल्कि पशु-पक्षियों सहित लाखों-करोड़ों छोटे-बड़े जीवों के लिए धरती ने उपहार दिये हैं। लेकिन आज वह धरती अपने कुपुत्रों की करनी से घायल हो रुदन कर रही है। धरती से अधिकाधिक दोहन कर लेने की होड़ ने मनुष्य को अंधा बना दिया है और वह अपने ही पैरों में स्वयं कुल्हाड़ी मार रहा है। धरती संकट में है, धरती कराह रही है पर हम मौन हैं, क्यों?

मानव के अविवेकी और असंयमित आचरण से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। अन्तरराष्ट्रीय संस्था आईपीसीसी के एक अध्ययन के अनुसार,पिछली सदी में धरती का औसत तापमान 1.4 फारनेहाइट बढ़ा है। यह वृद्धि मौसम और जलवायु के विनाशकारी परिवर्तन का कारण बनी है। तीव्र औद्योगिकीकरण,ग्रीन हाउस गैसों,जंगलों की कटान और भौतिकवादी भोगप्रधान जीवन शैली के कारण ध्रुवों और पहाड़ी चोटियों की बर्फ पिघल रही है। अंटार्कटिका क्षेत्र से प्रति वर्ष 148 अरब टन बर्फ पिघल रही है। इस कारण समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। यह बढ़ता जल स्तर तटीय और द्वीपीय छोटे देशों को एक दिन लील लेगा। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए दिसम्बर 1997 में क्योटो प्रोटोकाल लाया गया था जिसे 160 देशों ने स्वीकार करते हुए कमी करने का संकल्प लिया। लेकिन अकेले 80 प्रतिशत ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करने वाले अमेरिका ने इसे स्वीकार नहीं किया। सर्वसुख सम्पदा प्रदायिनी यह धरती एक तप्त भट्टी में तब्दील हो रही है।

यह प्लास्टिक युग है। भारतीय समाज अति आधुनिकता के व्यामोह में 'यूज एण्ड थ्रो' जीवन शैली के भंवरजाल में फंसा प्लास्टिक कचरा के रूप में हजारों टन कूड़ा प्रतिदिन घरों से बाहर फेंक रहा है। इस प्लास्टिक में से अधिकांश रिसायकिल नहीं हो पाता। यह गलता नहीं है और अपने अवयवों में टूटने में 1000 साल लगाता हैं। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में प्रतिवर्ष 50 मीट्रिक टन प्लास्टिक का निर्माण होता है। विश्व में 10 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन अकेले अमेरिका प्रतिवर्ष करता है और एक करोड़ किलोग्राम प्लास्टिक कूड़े का उत्सर्जन भी। वहीं इटली द्वारा सर्वाधिक प्लास्टिक थैलियों की खपत की जाती है जो एक खरब प्रतिवर्ष है। पॉलीथीन थैलियों को जलाने से निकली कार्बन और कार्बन मोनो ऑक्साइड, रिफ्रिजरेटर और शीत भंडारण केन्द्रों से उत्सर्जित क्लोरो फलोरो कार्बन से सूर्य की



हानिकारक परावैगनी किरणों से पृथ्वी की रक्षा करने वाली ओजोन परत में बड़े-बड़े छेद हो गये है। वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा एक अनुमान के अनुसार 37.16 गीगा टन हो गई है। प्रति एकड़ पैदावार बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति तो नष्ट हुई ही है बल्कि माटी भी जहरीली हो गई है। इस जहर के कारण मिट्टी को खाकर उसे खाद में बदलने वाले किसानों के मित्र केचुआ और अन्य छोटे कीट अब नहीं दिखते। दूध, अन्न, सब्जियां और भूगर्भ जल प्रदूषित हुआ है। परिणाम त्वचा रोग, टायफायड, मस्तिष्क ज्वर, फाइलेरिया, दमा, कैंसर जैसे रोग जडें जमा रहे हैं और महामारी जैसा रूप ले रहे हैं। कल-कारखानों से निकलने वाला दूषित जल बिना किसी ट्रीटमेंट के सीधे नदियों में डाला जा रहा है। यमुना आज दिल्ली-आगरा में गंदे नाले का रूप ले चुकी है। गंगा का जल अपना औषधीय गुण खो चुका है। गंगाजल पीने और नहाने लायक नहीं बचा। गोमती अस्तित्व बचाये रखने को जूझ रही है। यही हाल कमोबेश अन्य नदियों का भी है। वरुणा और असी नदियों के चतुर्दिक बसी होने के कारण काशी नगरी वाराणसी कहलाई लेकिन आज दोनों नदियां शहर का मल-मूत्र और कचरा ढोने को विवश हैं। नदियां कारखानों का अपशिष्ट बहाने के माध्यम बन कर रह गई हैं।

तथाकथित विकास के नाम पर बडें बांध बनाकर नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बांधा गया। बड़े बांधों के बनने से जैव विविधता खत्म हुई है। पहाड़ के सीने में उग आए कंक्रीट के जंगल ने प्राकृतिक परिवेश पर आघात किया है। धरती को बचाये रखने के लिए ही सितम्बर 1969 में सिएटल में अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 के बसन्त में पर्यावरण को लेकर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की ताकि लोग पर्यावरण की हो रही क्षति को समझ सकें। 1990 में पहली बार अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर इसे मनाने का निश्चय किया जिसमें 141 देशों के 20 करोड़ लोगों की सहभागिता रही। हालांकि, 21 मार्च 1970 को संघ के तत्कालीन महासचिव यू थॉट ने 'पृथ्वी दिवस' को अन्तरराष्ट्रीय समारोह स्वीकार किया था। 1992 में रियो डी जिनेरियों में संयुक्त राष्ट्र पृथ्वी सम्मेलन हुआ। ग्लोबल वार्मिंग के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए स्वच्छ ऊर्जा के प्रयोग को बढावा देने का संकल्प लिया गया। 2009 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाने का का निर्णय लिया। प्रत्येक वर्ष वैश्विक आयोजन की एक थीम तय की जाती है। वर्ष 2025 की थीम है-हमारी शक्ति, हमारा ग्रह। कार्यक्रमों का मेजबान आयोजन देश दक्षिण कोरिया है। चीन,पाकिस्तान,भारत और अमेरिका सहित कई देशों ने पृथ्वी दिवस के सन्दर्भ में पर्यावरण के महत्व को स्वीकारते हुए विभिन्न मूल्य वर्ग के डाक टिकट जारी किए हैं। यदि हम धरती को बचाना चाहते हैं और चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी के हाथों में एक हरी-भरी सदानीरा और सुवासित वसुन्धरा सौपें तो हमें अपनी दैनन्दिन जीवनचर्या पूर्णरूपेण बदलनी होगी। हमें प्रकृति की ओर लौटना होगा। बाजार से सामान लाने के लिए घर से जूट या कपड़े के बने थैले उपयोग में लाएं। अनाज भण्डारण के लिए प्लास्टिक बोरियों की बजाय जूट के बोरे इस्तेमाल करें। रोजमर्रा के काम जैसे किराना,शाक-भाजी की खरीददारी में कागज के लिफाफों का प्रयोग करें जो किसी को रोजगार देगा और हमें संतुष्टि। किसानों को रासायनिक उर्वरक और कीटनाशको की बजाय जैविका खाद और इको फ्रेंडली देशी कीटनाशकों के इस्तेमाल के लिए प्रेरित-प्रोत्साहित करें। पहल खुद से शुरु करनी होगी। विश्वास करिए, एक चलना आरम्भ करेगा तो साथ में लोग जुड़ते चलें जायेंगे। केवल एक दिन पृथ्वी दिवस मनाये जाने भर से परिवर्तन होन वाला नहीं है। हमें हर दिन पृथ्वी दिवस मनाना होगा और प्रकृति के साथ चलना होगा, जीना होगा। तभी यह धरा बचेगी और हम भी ।

## कविता
## तपोवन..

घटती-घटना



उदय किशोर साह
जयपुर
बांका,बिहार

धूप खिल जाये यहाँ वहाँ
किरणों की छटा है जहाँ जहाँ
उजियारी धरती पे है आई
रवि दिख जाये जहाँ जहाँ
अंबर पे मेघा छाये यहाँ वहाँ
सूरज को छुपाये जहाँ जहाँ
धरा पे अंधियारी है छाई
भास्कर ना दिखाये जहाँ जहाँ
खुशबू से महक है यहाँ वहाँ
गुलशन में फूल है जहाँ जहाँ
गुणवानों की बस्ती कहलाई
सत्यवान का वास है जहाँ जहाँ
सज्जनता मिल जाये यहाँ वहाँ
संस्कारी पुरूष है जहाँ जहाँ
विद्वजन की संगत है रंग लाई
सज्जन पुरूष बैठे जहाँ जहाँ
पावन भूमि है धरा पे यहाँ वहाँ
साधु धुनि रमाये हैं जहाँ जहाँ
दुष्ट जन है भागे जान है बचाई
तपोवन भूमि है जहाँ जहाँ

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# तापमान 41 डिग्री के करीब, स्कूली बच्चों की बढ़ी मुश्किल



- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर में भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 41 डिग्री के करीब पहुंच गया है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। सबसे अधिक परेशान स्कूली बच्चों को हो रही है। जिन्हें तेज धूप और लू के बीच स्कूल से घर लौटना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना है,जिससे परेशानी और अधिक बढ़ सकती है। ऐसे में अभिभावक संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाए। अभिभावकों ने भी मांग की है कि स्कूली बच्चों को ऐसी परिस्थिति से राहत दी जाए, क्योंकि दोपहर की चिलचिलाती धूप में घर लौटना अत्यंत मुश्किल हो रहा है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। छात्र नेताओं ने कहा कि अप्रेल के तीसरे हफ्ते में ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस पास बना है ऐसे में दोपहर की तेज गर्मी में स्कूल जाने और आने के क्रम में छोटे बच्चे बीमार हो रहे हैं। उन्हें लू लगने का खतरा बना रहता है। ज्यादातर कक्षाओं में परीक्षाएं भी हो चुकी है। इन परिस्थितियों को देखते हुये सभी शासकीय और अशासकीय प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में छुट्टी घोषित करना उचित होगा। इस दौरान धीरज गुप्ता,अभिषेक सोनी,गौतम गुप्ता, ऋषिकेश मिश्रा,अतुल यादव, ऋषभ जायसवाल, अवि गोस्वामी, प्रियांशु जायसवाल, आयुष पांडेय आदि उपस्थित थे।



# कोयला लोड ट्रक में लगी भीषण आग

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।** सीतापुर-पत्थलगांव एनएच-43 स्थित ग्राम चलता के पास सोमवार को कोयला लोड ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग बिकराल रूप ले लिया और ट्रक जलकर खाक हो गया।

## पिता के डांट से नाराज किशोरी ने ब्लेड से रेता गला,इलाज के दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरपारा निवासी एक किशोरी ने पिता के फटकार से नाराज होकर ब्लेड से खुद का गला रेत ली। उसे गंभीर स्थित में मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार नेहा बरगाह पिता राजेन्द्र बरगाह उम्र 14 वर्ष भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरपारा की रहने वाली थी। वह कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा दी थी। 16 अप्रैल की दोपहर करीब 3 बजे धूप में वह घर से बाहर घूम रही थी। नजर पड़ा तो पिता ने उसे डांटते हुए कहा कि इतनी धूप में क्यों घूम रही हो। पिता द्वारा इतनी सी बात बोलना उसे अच्छा नहीं लगा और वह कमरे में चली गई। इधर परिजन समझे की वह अपने कमरे में आराम कर रही है। कुछ देर बाद छोटी बहन कमरे में गई तो नेहा खून से लथपथ थी और तड़प रही थी। वह चिल्लाते हुए घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन कमरे में पहुंचे। पास में ही ब्लेड था और उसके गले से खून निकल रहा था। परिजन उसे तत्काल निजी वाहन से इलाज के लिए अंबिकापुर मिलशन अस्पताल में भर्ती कराए। यहां इलाज के दौरान 21 अप्रैल को उसकी मौत हो गई।

## शादी के बाद वापस लौट रही दूल्हे की बहन की सड़क़ हादसे में मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर स्थिट सोनगरा के पास स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में वाहन में बैठी दूल्हे की बहन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसके गोद में 7 माह का बच्चा था जिसे खरोंच तक नहीं आई है। वहीं वाहन उसके पति चला रहे थे। जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि वाहन में इनके दो बच्चे भी बैठे थे। जो सुरक्षित हैं।



जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के भटगांव निवासी सूरज गुप्ता जो कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। इनकी शादी 20 अप्रैल को थी। शादी का कार्यक्रम अंबिकापुर स्थित कमोदा विहार मैरिज हॉल में संपन्न हुआ। शादी संपन्न होने के बाद खुशी-खुशी सभी लोग वापस दुल्हन लेकर लौट रहे थे। स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक जेएच 01 सीपी 8189 में दूल्हे की बहन चांदनी गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी जशपुर अपने पति निरंजन गुप्ता,दो बच्चे एवं बतौली भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता के दो बच्चों को लेकर वापस भटगांव लौट रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर स्थित सोनगरा के पास पहुंचे ही थे कि चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया और बेकाबू कार सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और हादसे में दूल्हे की बहन की मौके पर ही मौत हो गई। इससे शादी की खुशियों कुछ ही देर में मातम में बदल गई। सूचना पर भटगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। वाहन चांदनी गुप्ता के पति निरंजन गुप्ता चला रहे थे। चांदनी गुप्ता सामने के सीट पर 7 माह के बच्चे को गोद में लेकर बैठीं थी। वहीं इनके व दो अन्य बच्चे बीच के सीट पर बैठे थे। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि सामने के हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने सब्बल की मदद से वाहन के गोट को खोलकर सभी बच्चों को बाहर निकला। वहीं चांदनी गुप्ता के गोद में बैठा 7 माह के बच्चे को खरोच तक नही आई है। वहीं इसके पति का इलाजा चल रहा है।

## बाइक से गिरकर घायल ग्रामीण की हुई मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

बाइक से गिरकर घायल ग्रामीण की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार शंकर भगत पिता भोला राम भगत उम्र 50 वर्ष जशपुर जिले के ग्राम गम्हरिया का रहने वाला था। वह 20 अप्रैल को पत्नी बैजंती बाई के साथ बाइक से त्योहार मनाने ग्राम वेकण्टा गया था। वापस आने के दौरान वेकण्टा व पीढ़ी के बीच बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे दोनों सडक़ पर गिर गए और घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां शंकर की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## शराब के नशे में कीटनाशक सेवन कर दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर निवासी 25 वर्षीय निरंज सिंह ने शराब के नशे में 18 अप्रैल को कीटनाशक सेवन कर लिया था। वह घर आकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे इलाज के लिए सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने प्याऊ का किया उद्घाटन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गर्मियों में जनसेवा के उद्देश्य से इस प्याऊ की स्थापना की गई है। इस प्याऊ के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी आमजन को शीतल जल के साथ ही गुड़ भी वितरित करेगा। पूजा उपरांत प्याऊ के उद्घाटन के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री ने खुद सेवा के उद्देश्य से आमजन में शरबत, जल और गुड़ का वितरण किया। उन्होंने जिला कांग्रेस की सराहना करते हुए यह कहा कि न केवल गर्मियों बल्कि बाद में भी प्याऊ की निरंतरता को ध्यान रखा जाये। उन्होंने इस प्याऊ



की स्थापना के लिए पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं का विशेष आभार जताया। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा,हेमंत सिंह,मो.इस्लाम,मधुदीक्षित,दुर्गेश गुप्ता,हेमंत तिवारी,राम विनय सिंह, मदन जायसवाल,संजीव मंदिलवार, आशीष वर्मा,अशफाक अलि,नरेंद्र विश्वकर्मा,चंद्रप्रकाश सिंह,जीवन यादव,सुधांशु गुप्ता,संजय सिंह,पूर्णिमा सिंह,गीता रजक,पपिन्दर सिंह, कलीम अंसारी, मो हसन, गुड्डू मेराज, रजनीश सिंह,अमित तिवारी राजा,नीतीश चौरसिया,निकी खान,मो इमरान,आतिश शुक्ला, निखिल विश्व कर्मा,पंकज शुक्ला,मिथुन सिंह, शुभम जायसवाल,आशीष जायसवाल,अरविंद सिंह, परवेज आलम गांधी, शकीला सिद्दकी,अमितेज सिंह, केदार याद, वीरेंद्र सिन्हा, मो काजू खान, तरणजीत सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

## लखनपुर पत्रकार संघ कार्यालय का विधायक राजेश अग्रवाल ने फीता काट कर किया लोकार्पण

- संवाददाता -
लखनपुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर प्रतीक्षा बस स्टैंड में पत्रकार संघ कार्यालय का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी,पार्षद दिनेश साहू, सीएमओ विद्यासागर चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पत्रकार संघ के सदस्य मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने फीता काटकर पत्रकार संघ कार्यालय का लोकार्पण किया है। पत्रकार संघ लखनपुर के पदाधिकारी ने अतिथियों को फूल वाला पहन कर उनका स्वागत किया। कार्यालय में एसी सहित अन्य कार्यो की मांग की गई। विधायक राजेश अग्रवाल ने एक सप्ताह के भीतर मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि लंबे समय से




लखनपुर पत्रकार संघ के द्वारा पत्रकार भवन बनाए जाने मांग की जा रही थी। विधायक राजेश अग्रवाल से भी मांग की गई थी। मांगो उपरांत लखनपुर प्रतीक्षा बस स्टैंड में विधायक राजेश अग्रवाल ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू के सहयोग से पत्रकार संघ लखनपुर को कार्यालय की सौगात मिली जिसका आज विधायक राजेश अग्रवाल ने विधिवत लोकार्पण किया है। इस दौरान पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश साहू,अशफाक खान, शमीम खान, मुन्ना पांडे, अमित बारी, प्रताप सिसोदिया हाशिम खान ,जानिसार अख्तर, मनोज कुमार, इमरान अंसारी, प्रिंस सोनी, रुस्तम खान,महफूज हैदर शीतेष सिदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पत्रकार साथी मौजूद रहे। मंच का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष व पत्रकार दिनेश बारी के द्वारा किया गया।

## ऑटो पलटने से महिला की हुई मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

उदयपुर मेन रोड पर 20 अप्रैल की शाम करीब 7.30 बजे अनियंत्रित होकर ऑटो सडक़ पर पलट गई। हादसे में घायल एक महिला की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। ऑटो में चार से पांच महिलाएं सवार थीं। जो सभी शादी कार्यक्रम से वापस लौट रहीं थीं।





जानकारी के अनुसार नान्ही बाई पति भूखल उम्र 50 वर्ष उदयपुर थान क्षेत्र के ग्राम सलका बजार पारा की रहने वाली थी। वह 20 अप्रैल की शाम को 7.30 अमगसी से शादी कार्यक्रम से वापस ऑटो से लौट रही थी। ऑटो में अन्य महिला रिश्तेदार भी सवार थीं। उदयपुर मेन रोड पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में नान्ही बाई सहित अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची उदयपुर पुलिस ने सभी को इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल भिजवाया। यहां नान्ही बाई की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आरक्षक के घर चोरी करने वाले आरोपियों ने की थी दो अन्य चोरियां,जेवरात बरामद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

आरक्षक के सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपियों ने ही दो अन्य चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया था। पूछताछ के दौरान अन्य चोरी की वारात को अंजाम देना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व गांधीनगर निवासी आरक्षक के सूने मकान में घुसकर सर्विस राइफल एके-47,कारतूस व जेवरात पार कर दिया थे। मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी सागर सिंह चौहान, प्रहलाद वासुदेव, शांति सिंह एवं



अंकित गुप्ता गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं शहर में पूर्व में हुई अन्य चोरी की घटना में शामिल होने के संदेह पर पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गोधनपुर निवासी प्रवीण टोप्पो व राजेन्द्रनगर गांधीनगर निवासी राजेन्द्र प्रसाद गौतम के घर चोरी की वारात को अंजाम देना बताया। दोनों घरों से जेवरात व अन्य सामान चोरी किए थे। पुलिस ने आरोपियों के निशान देही पर 1 सोने का चैन,1 नग सोने का कंगन,1 नग सोने का हार,1 जोड़ी झुमका,सात नग अंगुठी,एक बड़ा एनटीपीसी का सिक्का,कुछ चांदी के सिक्के एवं चांदी की सामग्री,एक नग केसियो तथा एक नग लैपटाप को अपने घर के किचन के कोने में गढ्ढा खोदकर सोने चांदी के गहने एवं सिक्कों का प्लास्टिक डब्बे में भरकर दबाकर रखना एवं उसके उपर बड़ा पेटी रखना बताया। तथा पेटी के अंदर चुराये हुये केसियो व लैपटाप को रखना बताया। जिसे पुलिस ने बरामद किया है।



# भारत आने से पहले बीते दिन ही पोप फ्रांसिस से मिले थे जेडी वेंस,बोले...उन्हें देखकर खुशी हुई थी

वेटिकन सिटी, 21 अप्रैल 2025।
कैथोलिक चर्च के शीर्ष धार्मिक नेता पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से ब्रोंकाइटिस नाम की बीमारी से पीड़ित थे। पोप ने निधन से एक दिन पहले अमेरिका के उपराष्ट्रपित जेडी वेंस ने उनसे संक्षिप्त मुलाकात की थी। भारत दौरे से पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईस्टर रविवार को पोप फ्रांसिस से ये मुलाकात की थी।

**पोप के निधन पर जेडी वेंस**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पोप फ्रांसिस से मुलाकत के एक दिन बाद उनके निधन पर दुखी हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मुझे अभी पोप फ्रांसिस के निधन के बारे में पता चला। मेरी संवेदनाएं दुनिया भर के उन लाखों ईसाइयों के साथ हैं जो उनसे प्यार करते थे।

उन्होने आगे लिखा कि कल उन्हें देखकर मुझे खुशी हुई, हालांकि वे



जाहिर तौर पर बहुत बीमार थे। लेकिन मैं उन्हें हमेशा कोविड के शुरुआती दिनों में दिए गए उनके प्रवचन के लिए याद रखूंगा। यह वाकई बहुत खूबसूरत था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

**2019 में जेडी ने किया था धर्म परिवर्तन**

जेडी वेंस हाल ही (2019) में कैथोलिक धर्म में धर्मांतरित हुए हैं। इसस पहले वह नास्तिक थे। भारत आने से पहले जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा और अपने तीन छोटे बच्चों के साथ काम और अवकाश के सिलसिले में कई दिनों से रोम में थे।

**एक दिन पहले ही ईस्टर पर लोगों से की थी मुलाकात**

पोप फ्रांसिस ने अपने निधन से एक दिन पहले ही ईस्टर के मौके पर वेटिकन में श्रद्धालुओं से मुलाकात की थी। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद पहली बार पोप फ्रांसिस लोगों से मिले थे। इस दौरान पोप फ्रांसिस ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं भी दी थीं।

**कौन थे पोप फ्रांसिस**

पोप फ्रांसिस का जन्म 17 दिसंबर 1936 में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुआ था। उनका नाम जोर्गे मारियो बर्गोलियो था। पोप की उपाधि पाने वाले पोप फ्रांसिस पहले जेसुइट थे। धर्म की राह पर आने से पहले जोर्गे मारियो बर्गोलियो ने बतौर केमिकल टेक्निशियन अपने करियर का शुरुआत की और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में लंबे समय तक काम किया। इसी दौरान उनका धर्म की तरफ झुकाव बढ़ा और वे चर्च से जुड़ गए। जब पोप 21 साल के थे, तो वे न्यूमोनिया से पीड़ित हो गए,इसके चलते उनके फेफड़े का एक हिस्सा भी निकालना पड़ा। साल 1958 में वे ईसाई धर्म की एक परंपरा जेसुइट से जुड़ गए और धार्मिक शिक्षा देना शुरू कर दिया। साल 1969 में वे पादरी बने।

# यमन पर फिर बरसे अमेरिकी बम, हूती विद्रोहिया का दावा- सना में हुए हमले में 12 की मौत,30 घायल

सना,21 अप्रैल 2025।
अमेरिका और यमन के हूती विद्रोहियों में जारी तनाव के बीच हूती विद्रिहियों का एक बड़ा दावा सामने आया है। इसमें बताया गया है कि सोमवार को अमेरिकी हवाई हमलों में राजधानी सना में 12 लोगों की मौत हो गई,जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हूतियों का कहना है कि ये हमला सना के शूब जिले के फरवा इलाके के एक बाजार को निशाना बनाकर किया गया, जो पहले भी अमेरिकी हमलों की चपेट में आ चुका है। हालांकि अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने इस हमले की पुष्टि नहीं की है।

**देश के अन्य हिस्सों पर भी हुए हमले**

साथ ही हूती ने आगे बताया कि सोमवार रात हुए हमलों में यमन के अन्य इलाकों को भी निशाना बनाया गया। बता दें कि यह हमला उस बड़े अभियान का हिस्सा है जो अमेरिका ने हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर शुरू किया है। पिछले हफ्ते ही रस ईसा ईंधन बंदरगाह पर अमेरिकी हमलों में कम से कम



74 लोगों की जान गई थी और 171 लोग घायल हुए थे।

**हैती में गिरोह का हमला, तीन सैनिकों की मौत**

रविवार को हैती की राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस के पास एक शहर में हुए एक हमले में कम से कम तीन सैनिक मारे गए हैं। यह हमला एक गिरोह द्वारा घात लगाकर किया गया। मामले में सरकारी अधिकारियों ने बताया कि ये सैनिक हथियारों के साथ फ्रंटलाइन पर ड्यूटी कर रहे थे, जब उन्हें निशाना बनाया गया। हमले के पीछे 'विवअनसनम'नामक गिरोहों का गठबंधन बताया जा रहा है, जो हाल के दिनों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ टकराव में है।

अधिकारियों के अनुसार हमला केंसकॉफ नाम के इलाके में हुआ, जो हाल ही में भारी गोलीबारी और हिंसा का केंद्र बना हुआ है। वहीं स्थानीय मीडिया के अनुसार, सैनिक बिना हथियार वाली कार में जा रहे थे, जब उन्हें भारी हथियारों से लैस गिरोह के सदस्यों ने घेर लिया और हमला किया।

इस हमले को लकर हैती सरकार ने दुख व्यक्त किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा हैती सरकार ने पोस्ट किया कि ये सैनिक सिर्फ हमारी सेना के सदस्य नहीं थे, बल्कि राष्ट्र के बहादुर बेटे थे।

# नशे में पति ने अपनी दसवीं पत्नी को उतारा मौत के घाट, पुलिस ने चंद घंटों में सुलझाया केस

\- संवाददाता -
जशपुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
जिले में एक दिल दहला देने वाली हत्या ने पूरे क्षेत्र में सनसनी मचा दी है। बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम महुआपानी सुलेशा में 40 वर्षीय बसंती बाई की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। चौंकाने वाला खुलासा यह है कि हत्यारा कोई और नहीं, बल्कि उसका पति ढुलू राम 45 वर्ष था,और बसंती उसकी दसवीं पत्नी थी। पुलिस ने महज कुछ घंटों में इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



बता दें कि 20 अप्रैल रविवार को गांव के कोटवार सर्वनाथ राम ने पुलिस को सूचना दी कि रोपाक्यारी नाले के पास एक महिला का सड़ा-गला शव पड़ा है, जो करीब 4-5 दिन पुराना लग रहा था। बगीचा पुलिस और फॉरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। शव की पहचान गांव की बसंती बाई के रूप में हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सिर पर भारी वस्तु से गहरी चोट के कारण उसकी मौत हुई। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जांच में पता चला कि बसंती को आखिरी बार उसके पति ढुलू राम के साथ देखा गया था। ढुलू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई,जहां उसने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। लेकिन कड़ी पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल कर ली। ढुलू ने बताया कि 17 अप्रैल को वह और बसंती अपने भतीजे की शादी के चुमावन कार्यक्रम में गए थे। वहां उसे पता चला कि बसंती ने चावल, दो साड़ियां और तेल चुराने की कोशिश की थी। इस बात पर दोनों में विवाद हुआ। गुस्से और शराब के नशे में ढुलू ने बसंती को जंगल ले जाकर बॉक्साइट पत्थर से उसका सिर कुचल दिया। हत्या के बाद वह नशे में वहीं सो गया और सुबह शव को गड्ढे में छिपाकर फरार हो गया। पूछताछ में ढुलू ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि बसंती उसकी दसवीं पत्नी थी। उसने पहले नौ अन्य महिलाओं से शादी की थी, हालांकि उनकी स्थिति के बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया पत्थर बरामद कर लिया है। ढुलू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नेपाल से स्वर्ण पदक जीतकर लौटे जशपुर के पांच पावरलिफ्टर,शहर में हुआ भव्य स्वागत

\- संवाददाता -
जशपुर, 21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
जशपुर जिले के लिए गर्व का क्षण तब आया जब IRON GENERATION FITNESS & HEALTH GYM के पांच खिलाड़ियों ने नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जशपुर के बस स्टैंड में खेल प्रेमियों और शहरवासियों ने फूल-मालाओं व आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया।

ये सभी खिलाड़ी राजेश कुमार भगत एवं अभिमन्यु भगत के संरक्षण में ट्रेनिंग ली थी। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन के तत्वावधान में नेपाल में आयोजित



इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 8 देशों की टीमों ने भाग लिया। इनमें दुबई,

भूटान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और भारत शामिल थे। भारत की ओर से जशपुर के पाँचो खिलाड़ियों ने पावरलिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन किया। राजेश कुमार भगत ने मास्टर कैटेगिरी के 74 किलो वर्ग में कुल 370 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक, अभिमन्यु भगत ने सिनियर कैटेगिरी के 74 किलो वर्ग में 420 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक, सौरभ कुमार सिंह ने जुनियर 105 किलो वर्ग में 540 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक एवं अवंतिका भगत ने जुनियर कैटेगिरी में 350 किलो और सीमा तिग्गा ने सीनियर वर्ग में 275 किलो उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान अंतर्गत डॉ अंबेडकर सम्मान सभा व विचार संगोष्ठी संपन्न

- **बाबा साहब का सपना मोदी सरकार कर रही साकारः अनुराग सिंह देव**
- **संविधान के रक्षक थे अंबेडकर, भाजपा उनका सम्मान धरातल पर उतार रहीः भारत सिंह सिसोदिया**

\- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
आज संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान अंतर्गत ÷डॉ अंबेडकर सम्मान सभा व विचार संगोष्ठी÷ का आयोजन भाजपा सरगुजा द्वारा अंबिकापुर ब्रम्ह रोड स्थित चम्बोथी तालाब के भूतल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अनुराग सिंह देव (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल), अतिथि वक्ता अखिलेश सोनी (पूर्व भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष) के सारगर्भित उद्बोधन के साथ-साथ विषय वक्ता के रूप में अजय इंगोले (डायरेक्टर SSBAM कॉलेज),डॉ योगेंद्र गहरवार (यूरोलॉजिस्ट),हरिशंकर जायसवाल (वरिष्ठ सी ए) तथा गजानन राही (पूर्व कार्यपालन अभियंता RES) का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रस्तावना उद्बोधन भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने दिया। अंबिकापुर नगर के बुद्धिजीवी नागरिक,सामाजिक कार्यकर्ता तथा समाज प्रमुखों सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम के प्रारंभ में आई टी सेल संयोजक दुर्गा शंकर दास ने प्रोजेक्टर के माध्यम से डॉ अंबेडकर जी का जीवन वृत्त प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कार्यक्रम संयोजक संतोष दास ने व आभार प्रदर्शन जिला एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष नकुल सोनकर ने किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छ ग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरुष को स्मरण कर रहे हैं, जिनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है डॉ. भीमराव अंबेडकर जी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक ऐसा व्यक्तित्व थे जिन्होंने जीवन में अपार कष्ट झेले, सामाजिक अपमान सहा, और कई बाधाओं का सामना करते हुए भी कभी किसी जाति, धर्म या संप्रदाय के विरुद्ध कोई अपमानजनक शब्द नहीं कहा। उन्होंने अपने जीवन से पूरे देश को यह संदेश दिया कि अगर हमें सशक्त भारत बनाना है, तो हमें संविधान के मार्ग पर चलकर ही आगे बढ़ना होगा।

आगे उन्होंने कहा कि बाबा साहब का देश की संस्कृति और परंपराओं के प्रति गहरा सम्मान था। वे किसी एक जाति विशेष के नहीं थे,वे पूरे देश के थे,पूरे समाज के थे। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ राजनीतिक दलों ने बाबा साहब को एक सीमित दायरे में बांधने की कोशिश की है। अनुराग सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान में 25 बार संशोधन किया सिर्फ़ वोट बैंक की राजनीति के लिए। वहीं भाजपा सरकार ने अब तक संविधान में 5 बार संशोधन किया है, और हर बार यह संशोधन जनहित में किया गया, विशेष रूप से एसटी, एससी और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए।

उन्होंने कहा कि आज कश्मीर जैसे क्षेत्रों में कुछ तत्व एसटी-एससी समाज को लेकर संविधान संशोधन के विषय में भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा अगर कभी संविधान में संशोधन करती है,तो वह डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिष्ठा, उनके विचार और उनकी भावना के अनुरूप ही करेगी।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना था ऐसा भारत जहाँ हर व्यक्ति को आवास मिले, हर घर




में शौचालय हो, और सबको स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा सरकारें बाबा साहब के इन सपनों को धरातल पर उतार रही हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों को अपना घर मिला है, हर घर शौचालय अभियान ने सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिया है, और नल जल योजना ने गाँव-गाँव में स्वच्छ जल पहुँचाया है।

बीजेपी ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन केवल दलित समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और मानवता के लिए एक प्रेरणा है। उनका संघर्ष, उनका चिंतन और उनका समर्पण हमें एक समतामूलक समाज की ओर ले जाता है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस शासन के समय डॉ. अंबेडकर को वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वे वास्तव में अधिकारी थे–न संसद के सेंट्रल हॉल में उनका चित्र था, न ही समय पर उन्हें भारत रत्न दिया गया। लेकिन आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने बाबा साहब के विचारों और योगदान को वैश्विक मंच तक पहुँचाया है।

आगे उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने लंदन स्थित वह विद्यालय जहाँ बाबा साहब पढ़े, उसे खरीद कर संग्रहालय में बदल दिया और उनके जीवन से जुड़े पाँच प्रमुख स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया। यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक सीख और प्रेरणा का केंद्र है।

भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज मुझे इस मंच से संविधान के गौरव को नमन करते हुए आप सभी से संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ है, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का योगदान अभूतपूर्व और अविस्मरणीय रहा है। यह वही संविधान है जिसने हमें समानता,न्याय और स्वतंत्रता जैसे अधिकार दिए।

पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी और लालकृष्ण आडवाणी जी के प्रयास से ही बाबा साहब को 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया–यह एक ऐतिहासिक क्षण था।

आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने डॉ. अंबेडकर के जीवन से जुड़ी धरोहरों को संजोया और उन्हें ÷पंच तीर्थ÷ के रूप में विकसित किया–महू में जन्मभूमि, लंदन में शिक्षा भूमि,नागपुर में दीक्षा भूमि, दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल और मुंबई में चैत्य भूमि। इससे आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

संविधान को लेकर मोदी सरकार की प्रतिबद्धता साफ़ झलकती है–चाहे वो संविधान गौरव यात्रा हो,बाबा साहब पर अंतरराष्ट्रीय शोध केंद्र की स्थापना हो या भीम ऐप जैसी तकनीकी पहल से समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने का प्रयास।

भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह भी सच है कि संविधान के साथ अतीत में कई बार अन्याय हुआ–काका कालेलकर रिपोर्ट को ठुकराना, आपातकाल के समय संविधान की आत्मा को कुचलना, और अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके लोकतंत्र का अपमान करना। लेकिन आज का भारत संविधान की आत्मा को सम्मान देते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना से आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर विषय वक्ता के रूप में अजय इंगोले (डायरेक्टर,SSBAM कॉलेज) ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम मानने वाले क्रांतिकारी चिंतक थे। आज हम उनके विचारों को आत्मसात कर शिक्षित, संगठित और संघर्षशील समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं। डॉ. योगेंद्र गहरवार (यूरोलॉजिस्ट) ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने स्वास्थ्य और सामाजिक समानता के बीच गहरे संबंध को समझा था। वे मानते थे कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय नहीं मिलेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं।

इस अवसर पर हरिशंकर जायसवाल (वरिष्ठ सीए) ने कहा कि अंबेडकर जी का आर्थिक दृष्टिकोण बेहद प्रगतिशील था। उन्होंने समावेशी विकास और सामाजिक न्याय को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाने की वकालत की। आज के समय में उनकी आर्थिक नीतियाँ और अधिक प्रासंगिक हैं। गजानन राही (पूर्व कार्यपालन अभियंता,RES) ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग और योजना के क्षेत्र में भी डॉ. अंबेडकर की दूरदर्शिता अतुलनीय थी। उन्होंने जल प्रबंधन, ऊर्जा और संसाधनों के न्यायपूर्ण वितरण की नींव डाली, जो आज भी भारत की विकास यात्रा को दिशा दे रही है।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष,कार्यक्रम सह-संयोजक अनिल जायसवाल, सह-संयोजक संजय गुप्ता,सह-संयोजक रवीन्द्र तिवारी, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री अवधेश सोनकर,जिला सह-संवाद प्रमुख रूपेश दुबे,जिला मंत्री इन्दर भगत,मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी,मधु चौदाहा,विद्यानंद मिश्रा, गोपाल पांडे,दिनेश बारी,अखंड विधायक सिंह,प्रबोध सिंह,रविशंकर महंत,संतोष जायसवाल,संजय गुप्ता,त्रिलोचन सदावर्ती, भगत पैकरा,सतीश जायसवाल, बालीचरण यादव,राजू सिंह,रिंकू वर्मा, सतीश शर्मा,सर्वेश तिवारी,मयंक जायसवाल,अजय सोनी,विशाल गोस्वामी, ममता तिवारी, शशि जायसवाल, रोचक गुप्ता, राहुल त्रिपाठी, हरिशंकर सिंह, राजेश पांडे, अजय तिवारी, मंगल पांडे, हिना खान, नीलम राजवाडे,नलिनी सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, अनिल तिवारी, श्रीधर केशरी, शंभू सोनी, सतीश शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

CMYK

# भाजपा से चिरमिरी महापौर की दावेदारी पेश करने वाले क्या जुआ में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं?

## महापौर की दावेदारी करने के साथ भाजपा के सक्रिय नेता भी माने जाते हैं,क्या अब वह जुए के कारोबार का संचालन कर रहे हैं?

## मंत्री का करीबी खुद को बताकर मंत्री के साथ फोटो खिंचवाकर क्या वह पुलिस वालों पर दबाव बनाकर लंबा जुआ फड़ संचालित कर रहे हैं?

## महापौर की दावेदारी करने वाले को नहीं मिला मौका तो अब मंत्री के करीबी बनकर जुआ फड़ संचालित कर लगा रहे चौका:सूत्र

-रवि सिंह-
एमसीबी,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
जुआ एक ऐसा व्यवसाय बन गया है जिसे लोग अब बेरोजगारी की आड़ में खेलना या खिलाने के व्यापार के तौर पर करने लगे हैं, लोगों का यह एक तर्क है कि अब नौकरी है नहीं बेरोजगारी इतनी है कि पेट चलाने के लिए जुआ खेलना या खिलाना ही अब एक कमाई का जरिया बन गया है,पर इस सोच में कितनी विडंबना है कि जुआ खेलने के वक्त और खिलाने के चक्कर में कई नुकसान है उस नुकसान की फिक्र बिना किए सिर्फ रोजगार की चिंता ही जुआ को बड़े स्तर के व्यापार के रुक में स्थापित कर चुकी है, जहां जीतने वालों की संख्या 1 प्रतिशत होती है और हारने वालों की संख्या 99 प्रतिशत होती है, 99 प्रतिशत लोग जुए में हारने के बाद एक नए अपराध को जन्म देते हैं कहीं से कर्ज लेते हैं ताकि वह फिर से हारी हुई राशि जीत सकें या अपनी हार को जीत में बदल सके, वहीं इसके लिए गलत काम या चोरी करने से भी जुआड़ी बाज नहीं आते और किसी तरह भी फिर पैसे लाते हैं और फिर जुआ खेल कर हारते हैं




यह सिलसिला चलता जा रहा है इसमें कोई मालामाल हो रहा है तो कोई आत्महत्या की राह पर अपने आप को ले जा रहा है, और ऐसी चीजों को प्रमोट कहीं ना कहीं वर्तमान की पुलिस व्यवस्था व राजनीतिक व्यवस्था कर रही है यह कहना कहीं से गलत नहीं होगा ऐसे ही अभी जानकारी सूत्रों से मिली है की एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र के हल्दीबाड़ी पूरे क्षेत्र में बड़े स्तर पर जुआ चल रहा है जुआ खिलवाने वाला कोई और नहीं है बल्कि वर्तमान में ही भाजपा से महापौर पद की दावेदारी करने वाला एक व्यक्ति है जो अपने आप को मंत्री का करीबी भी बताता है और इस करीबी के नाते पुलिस पर दबाव बनाकर इस जुए फड़ का संचालन करता है ऐसी अब चर्चा उस क्षेत्र में आम हो चुकी है यह बात सभी को पता है सिर्फ किसी को नहीं पता है तो पुलिस को जो उनकी वजह से बदनाम हो रही है तो वही वह मंत्री जी को जो उसके ऊपर काफी भरोसा करते हैं। चिरमिरी क्षेत्र में हल्दीबाड़ी,बड़ीबाजार,डोमनहिल एवं आसपास के क्षेत्रों में जगह बदल बदलकर रोजाना हो रहा है लाखों का जुआ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता जो अपने आपको मंत्री का करीबी खुद को बताते है उसके संरक्षण में हो रहा है जुआ।

सूत्रों के अनुसार कभी कभी खड़गवां थाना के बंजारीडांड, सिटीपाथर में भी जुए फड़ का संचालन बीच बीच में किया जाता है। इस जुए के खेल में बैकुंठपुर,चरचा, सिरमीना,श्रीनगर, खड़गवा एवं मनेंद्रगढ़ के जुआरी होते हैं शामिल। रोजाना लगभग 15-20 लाख का होता है जुआ। चिरमिरी में पहले भी पूर्व कांग्रेस शासनकाल में भी जुआ फड़ का संचालन होता था तब जुए फड़ का संचालन तत्कालीन सत्ता से जुड़े लोग करते थे और अब सत्ता परिवर्तन उपरांत वर्तमान सत्ता से जुड़े लोग जुए फड़ का संचालन कर रहे हैं जो सूत्रों का दावा है। पुलिस भले ही इस बात से अनभिज्ञ है लेकिन आम जनता यह जानती है कि कहां कहां जुए फड़ का संचालन हो रहा है ऐसा बताया जा रहा है,वैसे चिरमिरी में जुए फड़ का संचालन कई ऐसे एसईसीएल के क्वार्टरों में होता है जिनमें अब कोई नहीं रहता वहीं जब यह जुआ फड़ बंजारीडांड के जंगलों में होता है तब पेड़ो के नीचे जंगलों में होता है,वैसे बताया यह भी जाता है कि मंत्री जी का खास खुद को बताकर उक्त भाजपा नेता बड़े पैमाने पर जुए फड़ का संचालन करता है और पुलिस को इसी बात का वह भय भी दिखाता है कि वह मंत्री जी का खास है ,वैसे बड़ी अजीब स्थिति है जहां खुद को महापौर के पद के काबिल मान रहा था उक्त भाजपा नेता और शहर विकास की जिम्मेदारी निभाने की जिम्मेदारी मांग रहा था वह अब जुआ फड़ संचालित कर रहा है शहर के साथ ही आसपास के जिले के लोगों को वह जुए की लत दिलाकर बर्बाद कर रहा है,अब इसी बात से समझा जा सकता है कि यदि गलती से शहर के विकास की जिम्मेदारी उसे मिली होती वह शहर को बर्बाद कर देता और पूरे शहर में ही जुआ फड़ संचालित कर देता या इसे ही वह शहर का मुख्य व्यवसाय बना देता। वैसे मंत्री जी मामले में संज्ञान लेकर जुआ फड़ संचालन बंद कराएंगे यह सभी को उम्मीद है जो इस व्यवसाय से शहर का विनाश मान रहे हैं।



# जल जीवन मिशनःसूरजपुर के ठेकेदारों ने भुगतान की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन,आर्थिक संकट का जताया दर्द

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
कलेक्टर एवं अध्यक्ष जल जीवन मिशन की विभाग के ठेकेदारों ने ज्ञापन सौंप भुगतान की मांग की है। जल जीवन मिशन जिला सूरजपुर अंतर्गत एकल ग्राम योजना में अनुबंधित किये गए कार्यों के भुगतान हेतु ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में उल्लेख है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किये गए प्रगतिरत कार्यों का भुगतान छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में अनुबंधित राशि के 70 प्रतिशत तक मार्च 2025 में किया गया है। उल्लेखनीय है कि सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाली लगभग 80 प्रतिशत (सूरजपुर जिला अंतर्गत 543 ग्रामों में से 413 ग्राम समूह जल योजना से सम्बद्ध हैं) एकल ग्राम योजनाएँ समूह जल प्रदाय योजना से सम्बद्ध है। विदित हो कि समूह जल प्रदाय योजना हेतु विभाग द्वारा पृथक निविदा एवं अनुबंध निष्पादित किये गए हैं तथा समूह जल प्रदाय से सम्बद्ध एकल ग्राम योजनाओं में जल की आपूर्ति समूह जल प्रदाय योजना से होनी है ऐसा हमारे अनुबंध में भी निहित है। जल प्रदाय हेतु एकल ग्राम योजना के संवेदक को उत्तरदायी मान कर जलस्त्रोत विहीन ग्राम निरुपित कर सितंबर 2024 से मार्च 2025 तक लंबित देयकों का कोई भी भुगतान नहीं हुआ है। विदित हो कि हम सभी संवेदकों ने सक्षम अधिकारी के निर्देश एवं निरीक्षण में पूरी निष्ठा एवं कार्यक्षमता के साथ परिस्थितियों के अधीन समय-सीमा को लक्ष्य मान कर कार्य किया है. लघु एवं सूक्ष्म संवेदकों द्वारा सम्पादित कार्य का भुगतान न होने पर बैंक द्वारा इकाइयों के खातों कोगैर निष्पादित संपत्ति कर दिया गया है तथा सभी सम्बंधित संवेदक इकाइयाँ बाजार में स्वयं की विश्वसनीयता खो कर गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही हैं।

**ठेकेदार संघ बने**-संवेदक इकाइयाँपरि इकाइयों को सक्रिय एवं जीवित रखने हेतु लंबित देयकों का अविलम्ब भुगतान कराने की मांग की गई है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने जताया ग्रामीणों का आभार,योजनाओं की दी जानकारी

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा ने चुनाव में भारी मतों से विजय प्राप्त करने के बाद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के विभिन्न ग्रामीण इलाकों का दौरा कर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भारदा, गौरा, बगड़ा और ददुरापारा में आयोजित आभार सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की और प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों से 30 अप्रैल तक सर्वे कराकर योजना का लाभ लेने की अपील की। आभार सभा के दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मांगपत्र भी सौंपे। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि प्राप्त सभी मांगपत्रों के अनुसार कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। चंद्रमणि पैकरा ने पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों को निर्देशित किया कि राशन कार्ड, महतारी वंदन योजना, पेंशन योजना जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का भी सर्वे कराकर उन्हें लाभ दिलाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने वन नेशन,वन इलेक्शन के मुद्दे पर ग्रामीणों से राय ली और कहा कि अगर देशभर में एक साथ चुनाव होंगे तो विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चुनावों से विकास की रफ्तार प्रभावित होती है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा,आप सभी ने मुझ पर विश्वास जताकर बड़ी संख्या में वोट दिए, जिसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। अब मैं जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में हर गांव की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हूं। आप सभी बेझिझक अपनी समस्याएं मुझ तक पहुंचा सकते हैं। इस दौरान मंडल महामंत्री लाल साय सिंह पावले भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि चुनाव में जिस तरह कार्यकर्ताओं ने मेहनत की, अब उसी भावना से क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में रामधन राजवाड़े,देवपाल पैकरा,विरेंद्र गुप्ता,बिट्टू सिंह राजपूत,इंद्रजीत देवांगन,राजू शर्मा, सचिनानंद तिवारी,राम सिंह (बगड़ा सरपंच),केवल राम (कोटया सरपंच), विनय तिवारी, गौरा व भरदा के सरपंच,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवाओं को सिपेट में तकनीकी शिक्षा से मिलेगा रोजगार का अवसर

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है, जो कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त प्रयास से औद्योगिक क्षेत्र रायपुर एवं कोरबा छत्तीसगढ़ में स्थापित किया गया है। सिपेट में विभिन्न पाठ्यक्रमों को संचालित किया जाता है तथा प्लास्टिक उद्योगों के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के शत् प्रतिशत् अवसर प्रदान कराये जाते है। सिपेट में संचालित पाठ्यकमों के सफल समापन के बाद विद्यार्थियों को कैंपस भर्ती प्रकिया के माध्यम से देश के प्रतिष्ठित उद्योगों / संस्थानों में प्लेसमेंट मिल जाता है। सिपेट, रायपुर के विद्यार्थी देश के विभिन्न मल्टिनेशनल कम्पनियों में अपनी सेवाएँ भी दे रहे है। सिपेट का उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक, तकनीकी व रिसर्च कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ में प्लास्टिक्स प्रसंस्करण व सहायक उद्योगों के लिए तकनीकी कौशल प्राप्त श्रमशक्ति का निर्माण, इस क्षेत्र में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन देना, गुणवत्ता नियंत्रण,तकनीकी परामर्श समेत मोल्ड्स डाई,प्लास्टिक्स उत्पादों के डिजाइन व प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग व टेक्नालॉजी के क्षेत्र में शोध व विकास को गति देना है। सिपेट द्वारा संचालित पाठ्यक्रम लघु, मध्यम व वृहत निर्माण उद्योग की वर्तमान जरूरतों के अनुरूप है। प्रदेश में 3 साल से कौशल विकास प्रशिक्षण,डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने की कोशिश चल रही है। 12 वीं (विज्ञान समूह) या 2 वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण के बाद लेटरल एन्ट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में सीधा प्रवेश ले सकते है। अनुसूचित जाति,अनुसूचित जन जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के छात्र छात्राओं को छत्तीसगढ/मध्यप्रदेश/झारखंड/उत्तरप्रेदश/ओडिसा/बिहार राज्य शासन के नियमानुसार छात्रवृति का प्रावधान भी है। सिपेट सीजी में प्रवेश के लिए 07 फरवरी से आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ है जिसकी अंतिम तिथि 29 मई को है। प्रवेश परीक्षा 08 जून एवं पाठयक्रमों के प्रारंभ 14 जुलाई से संभावित है। आवेदन के लिए सीपेट की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि पात्र युवा अधिक से अधिक संख्या में संस्थान में प्रवेश लें और अपने बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

# रोज़गार की तलाश में आया मजदूर मौत के मुंह में समाया नीलगिरी कटाई में दर्दनाक हादसा,प्रशासन मौन

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
घर से दूर सिर्फ दो वक्त की रोटी की तलाश में निकला था... पर क्या पता था कि अब कभी घर लौट ही नहीं पाएगा। दरअसल उक्त घटना उत्तर प्रदेश से रोज़गार की तलाश में छत्तीसगढ़ आए मजदूर मोहम्मद जुल्फेकार (35 वर्ष) की नीलगिरी की कटाई के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। मशीन से पेड़ की कटाई हो रही थी, तभी अचानक एक भारी टहनी टूटकर उसके सीने पर गिर गई।साथियों ने तुरंत भैयाथान अस्पताल पहुंचाया,वहां से सूरजपुर रेफर किया गया,लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी सांसें थम गईं।



पिछले छह महीनों से उत्तर प्रदेश से आए व्यापारियों द्वारा सूरजपुर व आसपास के जिलों में नीलगिरी, सेमर,कदम जैसे पेड़ों की खुलेआम कटाई की जा रही है। न तो श्रमिकों की सुरक्षा का कोई इंतज़ाम होता है, न ही पेड़ों की कटाई के कोई ठोस नियम लागू किए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इन कटाई कार्यों को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि वन विभाग और जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। विकास की आड़ में जंगल उजड़ रहे हैं, और इंसान की जान सस्ती होती जा रही है।

### सिर्फ पेड़ नहीं कट रहे, इंसानियत भी घायल है...

यह सिर्फ एक मजदूर की मौत नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की संवेदनहीनता की कहानी है। जुल्फेकार जैसे सैकड़ों मज़दूर देश के कोने-कोने से रोज़गार के लिए अपने घरों से दूर आते हैं, ताकि अपने परिवार को दो वक्त की रोटी दे सकें। लेकिन जब ज़िंदगी की कीमत 'लकड़ी' से भी कम आंकी जाने लगे,तब यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, सामाजिक चेतना का पतन भी है। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि क्षेत्र में पेड़ कटाई के नाम पर जो हो रहा है, वह केवल पर्यावरण की तबाही नहीं है, यह श्रमिकों की ज़िंदगियों के साथ खिलवाड़ है।

### मांगें तेज, कार्रवाई का इंतजार

ग्रामीणों ने मांग की है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, मृतक के परिजनों को समुचित मुआवज़ा दिया जाए,और अवैध कटाई पर सख्ती से रोक लगाई जाए।

# सोनहत में शराब दुकान के विरोध में ग्रामीण युवा पहुंच कलेक्टर कार्यालय

## कहा स्कूल परिसर के पास पहले से समाज ने मंदिर बनाने का रखा था प्रस्ताव...वहां दुकान खुली तो करेंगे उग्र आंदोलन...सौंपा ज्ञापन

## ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी रहे उपस्थित

-संवाददाता-
कोरिया,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
ग्राम पंचायत सोनहत के ग्रामीणों ने ग्राम दुमाडांड ओरगई मार्ग पर प्रथमिक शाला आंगन बॉडी के पास शराब दुकान खोलने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है 14 अप्रैल बुधवार को ग्रामीण जनों महिलाओं ने जनपद सदस्य की उपस्थिति में एस डी एम सोनहत को ज्ञापन सौंपा था जिसके बाद सोमवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुच कर शराब दुकान के विरोध में ज्ञापन सौप कार्यवाही की मांग किया है , ज्ञापन का हवाला देते ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला के समीप शराब दुकान खोले जाने की चर्चा से क्षेत्र में आक्रोश पनप गया है, वही सूत्रों की माने तो भवन भी बन कर तैयार हो गया है ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर अगल बगल उरांव एवं राजवाडे समाज की घनी आबादी होने के शाला के आगे शराब दुकान न खोला जावे, शराब



दुकान खोले जाने पर हम समस्त ग्रामीणों एवं महिलाओं को घोर आपत्ति है। दुम्मांडांड प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी परिसर के 120 मीटर के %दायरे में शराब दुकान खोले जाने की चर्चा से भारी मात्रा में आकोश पनप रहा है जबकी क्षेत्र के ग्रामीणों ने उक्त शराब दुकान स्थल क पास %दो माह पुर्व सर्वसम्मति एवं जनसहयोंग से मंदिर बनाने का निर्णय लिया था जिसका निर्माण कार्य मई माह से शुरू किया जाना प्रस्तावित है ऐसा ज्ञापन में उल्लेख किया गया है। ऐसे मे.यदि यहा पर शराब दुकान खोली गई तो पूरे ग्रामीण उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी ग्रामीणों ने दिया है ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# जिले में बाइक चोरी करने वाले सरगना सहित दो हुए गिरफ्तार एक नाबालिक भी शामिल

**सूरजपुर जिले से आकर कोरिया जिले में करते थे बाइक चोरी, कोरिया पुलिस ने आरोपियों से की 6 गाड़ियां बरामद**

-संवाददाता-
कोरिया,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले में दो पहिया वाहनों की चोरी की घटना बहुत तेजी से बढ़ रही थी दो-तीन महीने में कोरिया जिले में तकरीबन दर्जनों दो पहिया वाहन चोरी होने की घटना सामने आई थी जिसमें पटना बैकुंठपुर सोनहत चरचा थाना क्षेत्र के क्षेत्र भी शामिल थे,पटना में हाल ही फिलहाल में ही 7 से 8 बाइक चोरी होने का मामला सामने आया था दो पहिया वाहन चोरी करने वाला गिरोह काफी सक्रिय था रात के अंधेरे में बाहर खड़ी वाहनों के लॉक तोड़कर वह ले जाता था सीसीटीवी में कैद होने के बाद भी पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पा रही थी जहां बाइक चोरी की घटना से आम जनता परेशान थी तो वहीं बढ़ रही चोरी को लेकर पुलिस भी परेशान थी पुलिस लगातार इस गिरोह को पकड़ने का प्रयास कर रही



थी पर पुलिस को इसकी सफलता देर से ही सही पर मिली, पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसमें एक नाबालिक है और एक सूरजपुर निवासी बताया जा रहा है इनके पास से पांच दो पहिया वाहन पुलिस ने जप्त भी किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया पुलिस के द्वारा जिले में लगातार महंगे मोटरसाइकिलो की चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि किया, कोरिया जिला में लगातार चोरी हो रहे महंगे मोटरसाईकिल चोर गिरोह को पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में थाना बैकुंठपुर के अपराध क्रमांक 130/25 धारा 303 (1),331 (4) बी एन एस तथा अपराध क्रमांक 131/25 धारा 303 (1), 331 (4) बी एन एस तथा थाना पटना के अपराध क्रमांक 88/25 धारा 303(2), एवं अपराध क्रमांक 89/25 धारा 303(2) के तहत प्रकरण कायम कर पता तलाश दौरान आरोपी भूपेंद्र सिंह पिता स्व. राजेंद्र सिंह उम्र-20 वर्ष निवासी नावापारा सूरजपुर तथा उसके अन्य नाबालिग विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक से कोरिया जिले के अलग अलग प्रकरण में महँगी मोटरसाईकल जिसमें 03 नग डयूक केटीएम, 01 नग र-15,02 नग स्कूटी, 01 नग सुपर स्प्लेंडर, तथा 01 नग बजाज पल्सर एनएस160 कुल 08 नग कुल कीमती 3 लाख 65 हज़ार रुपये को जप्त किया गया है, तथा आरोपी भूपेंद्र सिंह पिता स्व. राजेंद्र सिंह उम्र-20 वर्ष निवासी नावापारा सूरजपुर को दिनांक 20.04.25 के 13.25 बजे गिरफ्तार कर विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर न्यायिक रिमांड में लिया गया है तथा प्रकरण के अन्य फरार आरोपीगणों का पता तलाश किया जा रहा है, कोरिया पुलिस की संयुक्त टीम में निरी. विनोद पासवान निरी. विपिन लकड़ा प्र.आर. 103 नवीन साहू, आर. भानु प्रताप सिंह, दिनेश उइके, विमल जायसवाल, सजल जायसवाल, अमरेशा ठाकुर, शिवम् सिन्हा, रामायण स्याम, संदीप साय, प्रदीप साहू का विशेष योगदान रहा, सम्पूर्ण कार्यवाही श्रीमान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के कुशल मार्गदर्शन तथा अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा एसडीओपी राजेश साहू के निर्देशन में किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोवर्धन आ0 स्व0 सुमार साय, निवासी ग्राम -अमलभिट्ठी (देवीटिकरा) पोस्ट-तुरना, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) का मूल निवासी हूँ। मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा विशिष्ट पहचान पत्र/आधार कार्ड बना है जिसका आधार कार्ड बना है जिसका आधार नंबर-2124 0215 3488 है, मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ, किन्तु उक्त आधार कार्ड के वेबसाईट नेट में मेरा नाम त्रुटिवश धनीराम (पुराना नाम) आधार कार्डमें दर्ज हो गया है जिसे धनीरम (पुराना नाम ) को विलोपित कर मेरा सही नाम आधार कार्ड के वेबसाईट नेट में-गोवेर्धन (नया नाम) दर्ज करने हेतु नाम परिवर्तन की सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में करवाया जा रहा है।

प्रार्थी
गोवेर्धन आ0 स्व0 सुमार साय
निवासी ग्राम-तुरना,
तहसील-अम्बिकापुर,
जिला सरगुजा,छ0ग0

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार कश्यप पिता हरीश चंद्र राम जाति कहार निवासी राजपुर तहसील राजपुर जिला बलरामपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-सकालो तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0 715/6 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा ,नक्शा , ,रजिस्ट्री की प्रति,आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं,जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 25/04/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

# पटना, चरचा क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार




### क्या चरचा और पटना थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों का ही है राज,क्या भाजपा जिलाध्यक्ष का यह स्वीकारनामा सही है?

### यदि भाजपा जिलाध्यक्ष का जिले के पुलिस थानों को लेकर किया जा रहा स्वीकारनामा सही है फिर जिले की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे है यह मानना होगा

### हाल ही में 13 अप्रैल की सुबह कोयला चोरों के कोयला चोरी के प्रयास के चक्कर में दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन डिरेल होने से बची थी...

### खबर प्रकाशन के बाद भी ट्रेन डिरेल करने का प्रयास करने वालों पर नहीं हुई आज तक कार्यवाही,क्या भाजपा जिलाध्यक्ष का बयान इसी मामले से जुड़ा हुआ?

### कोयला चोरों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं जो भाजपा जिलाध्यक्ष को सोशल मीडिया पर बयान जारी करना पड़ रहा है?

### भाजपा जिलाध्यक्ष की भी क्या पुलिस नहीं सुन रही जो उन्हें सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ रहा है?

### क्या पुलिस सहित कोरिया जिला प्रशासन कोयला चोरों के आगे नतमस्तक हैं,क्या कानून के रखवाले कोयला चोरों के आगे मजबूर है?

### क्या हराम की कमाई के लिए ईमान से सौदा कर चुके हैं जिम्मेदार इसलिए भाजपा जिलाध्यक्ष जारी कर रहे मजबूरी में सोशल मीडिया बयान?




### क्या वेतन भत्तों से नहीं चल पा रहा है जिम्मेदारों का काम,क्या उन्हें बिना ऊपरी आमदनी नहीं है चैन इसलिए अवैध कारोबार फलफूल रहा है?

### क्या आज के परिवेश में चोर कहलाना ज्यादा पसंद है लोगों को इसलिए अवैध कोयला चोरी का कारोबार फलफूल रहा है?



Devendra's post

Devendra Tiwari
1d

पटना,चरचा क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार अपराधियों के लिए सुरक्षित व्यापार बन गया है. कई गरीब मजदूर मौत के शिकार हो गए हैं. इसमें बहुत लोग तो राजनीति से जुड़कर अपना रौब दिखाकर लोगों को डराते हैं. 2018 से शुरू यह खेल अब भी नहीं रुक पाया है.
इनके खिलाफ युवाओं को आगे आना चाहिए....

Ashish Jaiswal, Nilesh Pandey and 172 others · 71 comments · 8 shares

Like · Comment · Share

Most relevant

Roshan Rajwade
एकजुटता साथ सभी विरोध करे सर जी 🙏
1d Like Reply

Sacchida Dwivedi
बिल्कुल सही बात है भईया 🙏
1d Like Reply

सतेंद्र राजवाड़े
बिल्कुल सही भईया
कुछ लोग कमिशन लेकर कोयला चोरी,जुवा,सट्टा, को बढ़ावा दे रहे और साधारण व्यक्ति के ऊपर कार्यवाही करा रहे!
1d Like Reply Edited 3

शारदा गुप्ता
✓ कोल माफिया के खिलाफ आपने लागतार पहले भी आवाज़ बुलंद की है । समय है जनजागृति का

Write a comment...



1d Like Reply

Ravi Tripathi
Bjp jindabad
23h Like Reply

चन्द्र प्रकाश राजवाड़े
बिलकुल सही बात है भैया
23h Like Reply

रमेश तिवारी
आप आदेश करे भैया।
23h Like Reply

Mahendra Pandey
हां भैया अवैध कबाड़ भी चल रहा है कसरा कुडेली तरफ
22h Like Reply 2

View 1 reply

Jitendra Singh
कभी ध्यान से देखिए...
कि इमानदार कौन है..?
आज हर विभाग के हरेक टेबल पर बेईमान ही हैं..!
आरोप वही लगाते हैं जिन्हें अवसर नहीं मिला.!
22h Like Reply 6

Teerath Rajwade
जिले मे अवैध कारोबारियों के खिलाफ सक्त कार्यवाही किया जाए।



De

Ramesh Tiwari
बहुत सही भैया।
1d Like Reply

Lal Das Mahant
बहुत सही भैया जी
1d Like Reply

विन्ध्येश पाण्डेय छत्तीसगढ़
जय जय श्री राम
1d Like Reply

Ashok Mishra
Bhayaa अब रोकिया सरकार अपनी है
1d Like Reply

रणधीर सिंह कोराम
सत्य बोले रहे महाराज
1d Like Reply

रणधीर सिंह कोराम
जय श्री राम
1d Like Reply

Deepak Kushwaha
बिल्कुल सही बात है भईया
1d Like Reply

Rakesh Gupta
बिल्कुल सही बात है भैया जी 🙏🙏

-रवि सिंह-

बैकुंठपुर,21 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)। कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष ने सोशल मीडिया में एक बयान जारी कर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या जिले के चरचा और पटना पुलिस थाना क्षेत्रों में कोयला चोरों का साम्राज्य स्थापित है और यह दोनों पुलिस थाना क्षेत्र कोयला चोरों के लिए सुरक्षित क्षेत्र बन चुके हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष का यह बयान तब आया है जब प्रदेश में उनकी सरकार है और जिले के भी विधायक उनकी ही पार्टी के हैं और एक तरह से प्रदेश में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी भाजपा की ही सरकार की है जिसके वह भी अंग हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष को क्यों ऐसा स्वीकारनामा सोशल मीडिया में डालना पड़ रहा है और क्यों उन्हें कानून व्यवस्था पर ही जिले के प्रश्न उठाना पड़ रहा है यह विचारणीय है,क्या उन्हें जिले की कानून व्यवस्था को लेकर संशय की स्थिती है वह जिले की कानून व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं जिले को वह सुरक्षित नहीं मान रहे हैं,ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि भाजपा जिलाध्यक्ष का कोयला चोरों और चोरी को लेकर किया गया सोशल मीडिया स्वीकारनामा यह साबित करता है कि वह कानून व्यवस्था और जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर संतुष्ट नहीं हैं और वह जिले की प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्थाओं से असंतुष्टि जाहिर करते हैं। वैसे जिले के कई पुलिस थाने जिसमें पटना चरचा मुख्य हैं यहां कोयला चोरों का आतंक इस कदर बढ़ा हुआ है कि अब ट्रेन भी इस क्षेत्र में सुरक्षित नहीं हैं और 13 अप्रैल को कोयला चोरों के मालगाड़ी रोकने के लिए रेल पटरी पर काटकर डाले गए पेड़ की चपेट में आने से दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन बच गई थी और लोको पायलट की सुझबुझ से यह बड़ी दुर्घटना टल सकी थी वरना ट्रेन डिरेल हो सकती थी सैकड़ों यात्रियों की जान को खतरा हो सकता था।वैसे क्षेत्र में दो पुलिस थाने क्षेत्र ही केवल कोयला चोरों के लिए सुरक्षित क्षेत्र नहीं हैं उनके आतंक और अवैध कारोबार के लिए ,कोयला चोरों का प्रभाव क्षेत्र जिले से बाहर भी है और जहां वह कोयला बेचने जाते हैं जो बताया जाता है।

## यह कारोबार कई लोगों की मौत का कारण बन चुका है...

वैसे भाजपा जिलाध्यक्ष ने कोयला चोरों के खिलाफ युवाओं को आगे आने के लिए आह्वान किया है वह कानून व्यवस्था से अपने ही सरकार के कार्यकाल में किस कदर असंतुष्ट हैं इसी बात से समझा जा सकता है वह जिले की प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्थाओं के प्रति बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हैं यह भी समझा जा सकता है उनके सोशल मीडिया पोस्ट से। जिले में कोयला चोरी का कारोबार 2018 से संचालित है और यह कारोबार कई लोगों की मौत का कारण बन चुका है जो गरीब मजबूर थे और इस कारोबार से राजनीतिक लोग जुड़े हैं जो राजनीतिक रौब दिखाकर यह कारोबार करते हैं यह भी भाजपा जिलाध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर लिखा है,भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वीकारनामे के बाद उनके युवाओं से किए आह्वान के बाद क्या जिले युवा सामने आकर इस कारोबार का विरोध करते हैं यह देखने वाली बात होगी,वैसे कानून के रखवाले और प्रशासन इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं करेगा और उनकी तरह से अवैध कारोबारियों को कोयला चोरों को छूट मिलता रहेगा इसलिए जिलाध्यक्ष भाजपा ने उनसे कोई आह्वान या कार्यवाही की मांग नहीं की है।

## लोगों को कोयला चोर डराते हैं...

लोगों को कोयला चोर डराते हैं यह भी जिलाध्यक्ष भाजपा का स्वीकारनामा है जो बड़ा गंभीर विषय है जो साबित करता है कि दो पुलिस थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था है ही नहीं,वैसे जिले में संचालित अवैध ईंट भट्ठे ही कोयला चोरों के लिए कोयला चोरी के व्यापार के संचालन के लिए एक तरह से वरदान हैं जिनपर कोई रोक प्रशासन नहीं लगाता बल्कि बताया जाता है कि अवैध ईंट भट्ठों से महीना तय है जिम्मेदारों का वहीं कोयला चोरों से हराम की कमाई के कारण भी जिम्मेदार जुड़े हुए हैं जिससे उन्हें हराम की कमाई का आनंद मिलता रहे और उनका घर परिवार उससे जीवन का वह आनंद ले सके जो वेतन से ईमानदारी के मिलना मुश्किल है। कोयला चोरी के लिए केवल कोयला जिम्मेदार नहीं हैं जिम्मेदारों की हराम की कमाई की चाहत जिम्मेदार है यह भाजपा जिलाध्यक्ष के उस आह्वान से समझा जा सकता जिसमें वह युवाओं से आह्वान कर रहे हैं कोयला चोरों के खिलाफ खड़े होने के लिए कानून के रखवालों से और प्रशासनिक अमले से वह मांग नहीं कर रहे हैं जो बतलाता है कि भाजपा जिलाध्यक्ष मानते हैं कि कानून के रखवाले और प्रशासन जरा सी लालच की वजह से कोई कार्यवाही नहीं करेगा और वह कोयला चोरों के साथ खड़ा रहेगा?

## सत्ताधारी दल भाजपा जिलाध्यक्ष के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद सोशल मिडिया पोस्ट में कमेंट की आई सुनामी

सत्ताधारी दल भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद जो उन्होंने कोयला चोरी के मामले में दिया है उनकी पोस्ट पर कमेंट की सुनामी आ गई है। उनके पोस्ट पर उनके आह्वान के अनुरूप ही युवाओं ने कमेंट कर प्रतिक्रिया दी है। युवाओं ने तरह तरह के कमेंट किए हैं, युवाओं ने कोयला चोरी की स्वीकारोक्ति को स्वीकार किया है जिलाध्यक्ष भाजपा के सोशल मीडिया के अनुसार। भाजपा जिलाध्यक्ष के कोयला चोरी विषय पर जारी सोशल मीडिया बयान के बाद युवाओं के तरह तरह के बयान यह बतलाते हैं कि जिले में कोयला चोरों का आतंक तो है।भाजपा जिलाध्यक्ष ने केवल कोयला चोरी के दो पुलिस थाने क्षेत्र को जहां टारगेट किया वहीं युवाओं ने तो पूरा काला चिट्ठा सोशल मीडिया पर खोल दिया है।युवाओं ने और जिले के लोगों ने पूरी तरह स्वीकारोक्ति दी है कि कोयला चोरी जिले की बड़ी समस्या है जिसे बंद होना चाहिए। खबर लिखे जाने तक पोस्ट पर 185, 71 कमेंट्स अगाए थे।

## क्या सत्तापक्ष के जिलाध्यक्ष ने अवैध कारोबार को बंद करने की बनाई मुहिम?

वैसे कोरिया जिले के सत्तापक्ष के जिलाध्यक्ष का बयान कोयला के अवैध कारोबार को लेकर है और उन्होंने लगता है अवैध कारोबार बंद कराने की मुहिम छेड़ रखी है,यदि ऐसा है तो यह भाजपा जिलाध्यक्ष की अच्छी मुहिम कही जाएगी क्योंकि अवैध कारोबार को लेकर कोई सत्तापक्ष का जिलाध्यक्ष पहली बार मुखर हुआ है,भाजपा जिलाध्यक्ष जैसे आजतक कोई राजनीतिक दल का नेता ऐसे मुखर नजर नहीं आया। भाजपा जिलाध्यक्ष यदि अपने बयान अनुसार अडिग रह गए और उन्हें युवाओं का साथ मिल गया वह निश्चित ही जिले को अवैध कारोबार मुक्त करा ले जायेंगे यह तय है।

## सिर्फ कोयला चोरी रोकने के लिए ही मुहिम बनाई है या फिर जुआ नशीले पदार्थों की बिक्री पर भी रोक लगाने की मुहिम बनाई है?

वैसे भाजपा जिलाध्यक्ष ने सोशल मीडिया मुहिम क्या केवल कोयला चोरी बंद कराने हेतु चलाया है या उनकी मुहिम नशीली दवाइयों की बिक्री और जुआ जैसे अवैध कारोबार के खिलाफ भी जारी होगी। क्या वह कोयला चोरी के अलावा अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग करेंगे क्योंकि चोरी का कोयला खपाने कोयला चोर अवैध ईंट भट्ठा ही जाते हैं। कुल मिलाकर जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया का सोशल मीडिया पर लिखना भर काफी नहीं होगा उन्हें अवैध कारोबार बंद कराने अब आगे आना होगा। वैसे भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया के आह्वान को युवाओं ने समर्थन दिया है और अब जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया का यह फर्ज है कि वह जिले की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करें और प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए वह अवैध कारोबार हर जगह बंद कराए।

## कोरिया जिले के सत्तापक्ष के जिलाध्यक्ष की तरह भाजपा के पूरे प्रदेश के जिला अध्यक्ष को निर्णय लेना चाहिए ताकि पूरे प्रदेश में एक नई मिसाल कायम हो सके...

कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष जो सत्तापक्ष के जिलाध्यक्ष हैं कि ही तरह अब पूरे प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों को आगे आना चाहिए और अवैध कारोबार को लेकर मुखर होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो यह नई मिसाल होगी और इसका संदेश बेहतर जायेगा क्योंकि ऐसे मामले में आजतक कोई राजनीतिक दल सत्ता में रहते हुए मुखर नहीं होता। भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष का कोयला कारोबार को लेकर मुखर होना बताता है कि वह अब ठान चुके हैं कोरिया जिले को अवैध कारोबार मुक्त कराने के लिए।

## कहां कहां से संचालित होता है कोयला चोरी का कारोबार सोशल मिडिया पर लोगों ने बतलाया जानकारी अनुसार,क्या यह कानून व्यवस्था को लेकर जिले की गंभीर बात?

कोयला चोरी को लेकर कोरिया जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष की स्वीकारोक्ति के बाद सोशल मिडिया में युवाओं के काफी सारे बयान देखने को मिले, युवाओं ने तो यहां तक बतलाया है कि कहां कहां से यह कारोबार संचालित होता है और कोयला चोर किन किन जगहों पर बैठकर इसकी प्लानिंग करते हैं और फिर चोरी करते हैं,दिन ढलने से पहले ही पटना में कोयला चोरों की गाड़ियां फर्राटे भरने लगती हैं यह भी लोगों ने माना है लिखा है कमेंट में,कुलमिलाकर यह कहना कि कानून व्यवस्था को लेकर जिले की भाजपा जिलाध्यक्ष का सोशल मीडिया पोस्ट और उसमें आए कमेंट रखवालों को कानून के चिढ़ा रहे हैं और जिला प्रशासन की अकर्मण्यता उजागर कर रहे है।

## संक्षिप्त खेल खबर

### एमआई से करारी हार के बाद धोनी ने आईपीएल रिटायरमेंट को लेकर दिया हिंट

**मुंबई,21 अप्रैल 2025।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 38वें मैच में मुंबई इंडियंस ने चिर-प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई. इस जीत के साथ एमआई ने 8 मैचों में



4 जीत और 4 हार के साथ प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर छलांग लगाई. वहीं, सीएसके सिर्फ 2 मैचों में जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है। मुंबई से हार के बाद चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कुछ चौंकाने वाली बातें कहीं,जिसने सभी को चौंका दिया.मैच के बाद सीएसके के कप्तान एमएस धोनी ने कहा, हमें यह समझने की जरूरत है कि हम सिर्फ इसलिए सफल हैं क्योंकि हम अच्छा क्रिकेट खेलते हैं। हमें ज्यादा भावुक नहीं होना।

### भारत में हॉलीडे मना रहा ग्लेन मैक्सवेल



**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2025।** आईपीएल कितना तगड़ा टूर्नामेंट है, ये बात इसी से समझी जा सकती है कि आधा सीजन खत्म होने के बाद भी अभी तक ये नहीं पता है कि कौन सी चार टीमें प्लेऑफ में जाएंगी और कौन सी बाहर रह जाएंगी। अभी तक ना तो कोई टीम आधिकारिक तौर पर बाहर हुई है और ना ही किसी की एंट्री हुई है। हर मुकाबले से इमोशंस जुड़े होते हैं, इसके बाद भी कुछ विदेशी खिलाड़ी आईपीएल में आकर हॉलीडे मना रहे हैं। उन्हें हार जीत से कोई असर नहीं पड़ता। ऐसा ही कुछ ग्लेन मैक्सवेल कर रहे हैं। जो अभी तक एक भी बड़ी पारी अपनी टीम के लिए नहीं खेल पाए हैं। ऐसे में वो दिन ज्यादा दूर नहीं, जब उनका भी हाल डेविड वार्नर की तरह हो जाएगा। ग्लेन मैक्सवेल को इस बार पंजाब किंग्स ने अपने पाले में किया है। इसके लिए उन्होंने 4.20 करोड़ रुपये की रकम खर्च की है।

# सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ने भी ठोक दिया ऑरेंज कैप के लिए दावा

**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2025।** आईपीएल के हर मैच के बाद जिस तरह से अंक तालिका बदल रही है, उसी तरह ऑरेंज कैप की रेस भी दिलचस्प होती जा रही है। अब इस साल का आईपीएल करीब करीब आधा हो गया है। सभी टीमें अपने कम से कम सात मुकाबले खेल चुकी हैं। इस बीच वैसे तो ऑरेंज कैप की रेस में इस वक्त एलएसजी के निकोलस पूरन सबसे आगे चल रहे हैं, लेकिन अब सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ने भी इस कैप के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है।



### अभी तक निकोलस पूरन ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

इंडियन प्रीमियर लीग में इस साल अभी तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज निकोलस पूरन हैं, जो लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने इस साल आठ मैच खेलकर 368 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने चार अर्धशतक लगाए हैं। उनका औसत भी 50 से ज्यादा का है और वे 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं।

### साई सुदर्शन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

इसके बाद इस लिस्ट में नाम आता है साई सुदर्शन का। वे इस साल आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी हैं। साई सुदर्शन गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने सात मुकाबले खेलकर 365 रन बनाने का काम किया है। यानी वे निकोलस पूरन से ज्यादा पीछे नहीं हैं। उनके बल्ले से अभी तक चार अर्धशतक आए हैं। वे भी 50 से ज्यादा के औसत से रन बना रहे हैं, वहीं उनका स्ट्राइक रेट 150 से भी ज्यादा का है।

### सूर्यकुमार यादव तीसरे और विराट कोहली चौथे नंबर पर पहुंचे

बात अगर सूर्यकुमार यादव की करें तो वे अब तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। सूर्यकुमार यादव ने इस साल अब तक आठ मैच खेलकर 333 रन बना लिए हैं। उनके नाम दो अर्धशतक हैं। सूर्या का औसत भी 50 से ज्यादा का है। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है। वे इस लिस्ट में नंबर 4 पर हैं। उन्होंने आठ मैच खेलकर 322 रन बना लिए हैं। यानी सूर्या और कोहली में भी ज्यादा अंतर नहीं है। विराट कोहली का औसत तो 64 के करीब का है। हालांकि अभी कई मुकाबले बाकी हैं और देखना होगा कि अब ये सीजन खत्म होगा तो कौन सा खिलाड़ी बाजी मारने में कामयाब होता है।

# सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में किस खिलाड़ी को मिलेगा कितना पैसा

**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2025।** बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट 2024-25 का ऐलान कर दिया है। इसमें टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा को ग्रेड-ए+ में बरकरार रखा गया है, जबकि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की वापसी हुई है। पिछली बार इन दोनों को शामिल नहीं किया गया था। मौजूदा सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में कुल 34 प्लेयर्स को शामिल किया गया है।



### ग्रेड-ए में शामिल प्लेयर्स को मिलते हैं 7 करोड़ रुपए

बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट के ग्रेड-ए+ में चार ही प्लेयर्स को रखा है। इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। ग्रेड-ए में शामिल होने वाले प्लेयर्स को 7 करोड़ रुपए दिए जाते हैं।

### ग्रेड-बी में शामिल हैं कुल 5 प्लेयर्स

श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अच्छा खेल दिखाया था। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन बैटिंग का नमूना पेश किया। अब बीसीसीआई ने उनकी सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में वापसी करवा दी है। उन्हें ग्रेड-बी में मौका मिला है। ग्रेड-बी में उनके अलावा सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल शामिल हैं। ग्रेड-बी में शामिल सभी प्लेयर्स को 3 करोड़ रुपए दिए जाते हैं।

### ऋषभ पंत को हुआ फायदा

ग्रेड-ए में बीसीसीआई ने इन 6 प्लेयर्स को ही शामिल किया है। इनमें मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या,मोहम्मद शमी और ऋषभ पंत शामिल हैं। ग्रेड-ए में शामिल सभी प्लेयर्स को 5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। इसमें पंत को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। पिछली बार वह ग्रेड-बी में शामिल थे। इस बार उन्हें ग्रेड-ए में शामिल किया गया है और उन्हें दो करोड़ रुपए का फायदा हुआ है।

ग्रेड-सी में बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में कुल 19 प्लेयर्स को शामिल किया है। इन सभी को बीसीसीआई की तरफ से 1-1 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप को पहली बार चांस मिला है। इन सभी को ग्रेड-सी में ही शामिल किया गया है। बीसीसीआई हर हर साल के लिए सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान करता है, जिसमें 3 टेस्ट या 8 वनडे या 10 टी20 इंटरनेशनल मैच एक ही साल में खेलने वाले प्लेयर्स को शामिल किया जाता है।



## जीत के लिए तरसी मोहम्मद रिजवान की टीम

### बाबर की टीम का भी बेहद बुरा हाल

**इस्लामाबाद,21 अप्रैल 2025।** भारत में इस समय इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन बहुत शानदार अंदाज में खेला जा रहा है। वहीं पाकिस्तान में पाकिस्तान सुपर लीग का आयोजन हो रहा है। जहां इस्लामाबाद यूनाइटेड की टीम प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर मौजूद है। वहीं मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली मुल्तान सुल्तांस की टीम एक जीत दर्ज करने के लिए तरस रही है।

प्वाइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर मुल्तान सुल्तांस की टीम

पाकिस्तान प्रीमियर लीग 2025 में मोहम्मद रिजवान की अगुवाई में मुल्तान सुल्तांस की टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। टीम ने मौजूदा सीजन कुल तीन मुकाबले खेले हैं और टीम को तीनों में हार का मुंह देखना पड़ा है। उसका नेट रन रेट माइनस 2.941 है और वह प्वाइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर मौजूद है। क्रू के मौजूदा सीजन में मुल्तान सुल्तांस इकलौती ऐसी ही टीम है, जो एक भी मैच नहीं जीत पाई है। टीम के गेंदबाज और बल्लेबाज अच्छा करने में विफल साबित हो रहे हैं।

दूसरी तरफ बाबर आजम की अगुवाई वाली पेशावर जाल्मी की टीम प्वाइंट्स टेबल में पांचवें नंबर पर है। टीम ने अभी तक कुल 3 मैच खेले हैं, जिसमें से एक में जीत हासिल की है और दो मैच हारे हैं। दो अंकों के साथ उसका नेट रन रेट माइनस 1.033 है।

पहले नंबर पर है इस्लामाबाद यूनाइटेड की टीम

पाकिस्तान सुपर लीग 2025 के मौजूदा सीजन की प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर इस्लामाबाद यूनाइटेड की टीम मौजूद है। टीम ने अभी तक कुल चार मैच खेले हैं और चारों में जीत हासिल की है। 8 अंकों के साथ उसका नेट रन रेट प्लस 2.544 है। शादाब खान की कप्तानी में टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### लाहौर कलंदर्स ने दो मैचों में हासिल की है जीत

दूसरे नंबर पर लाहौर कलंदर्स की टीम है। उसने मौजूदा सीजन में कुल तीन मुकाबले खेले हैं, जिसमें दो में जीत हासिल की है और एक मैच हारा है। चार अंकों के साथ उसका नेट रन रेट 2.051 है। 4 अंकों के साथ कराची किंग्स की टीम तीसरे नंबर पर है। उसका नेट रन रेट 0.343 है। दो अंकों के साथ क्वेटा ग्लैडिएटर्स की टीम चौथे नंबर पर है। उसका नेट रन रेट माइनस 0.917 है।

# एलएसजी व्हीएस डीसी:आईपीएल में किसका पलड़ा रहा है भारी

### लखनऊ-दिल्ली का हेड टू हेड रिकॉर्ड

**लखनऊ,21 अप्रैल 2025।** आईपीएल 2025 के 40वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स यानी रून्न और दिल्ली कैपिटल्स यानी ष्ठष्ट का आमना-सामना होगा। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले में लखनऊ की नजरें दिल्ली कैपिटल्स से पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। इस सीजन जब दोनों टीमों के बीच विशाखापत्तनम में टक्कर हुई थी तो दिल्ली कैपिटल्स की टीम 1 विकेट से बाजी मारने में सफल रही थी। सीजन के पहले ही मैच में मिली इस करीबी हार से लखनऊ की टीम को काफी धक्का लगा था। अब लखनऊ की टीम अपने घर में दिल्ली से हिसाब बराबर करना चाहेगी।



पाइंट्स टेबल की बात की जाए तो दिल्ली कैपिटल्स 7 मैचों में 5 जीत के बाद दूसरे पायदान पर है। दिल्ली के 10 पाइंट हैं। वहीं, लखनऊ ने 8 मैचों में 5 जीत दर्ज की हैं। लखनऊ के भी 10 पाइंट हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण वह 5वें पायदान पर है।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें टक्कर बराबर की रही है। लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों टीमों ने 3-3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 2 मैच अब तक खेले गए हैं। एक मुकाबला दिल्ली ने जीता जबकि एक मैच में लखनऊ ने बाजी मारी। अब दोनों टीमें इकाना में तीसरा मैच खेलने उतरेंगी।

लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच डिटेल्स

तारीख : 22 अप्रैल 2025

समयः 7:30 पीएम

टॉसः 7:00 पीएम

वेन्यूः भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ

लाइव टेलीकास्टः स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

लाइव स्ट्रीमिंगः जियो हॉटस्टार

स्क्वॉड

लखनऊ सुपर जायंट्स~ ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान),एडेन मारक्रम,मिचेल मार्श,निकोलस पूरन, आयुष बडोनी,अब्दुल समद,डेविड मिलर,शार्दुल ठाकुर,आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी,रवि बिश्नोई,प्रिंस यादव,शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके,हिम्मत सिंह,शमर जोसेफ,मणिमारन सिद्धार्थ,आर्यन जुयाल,आरएस हैंगरगेकर,युवराज चौधरी,आकाश महाराज सिंह,मयंक कुलकर्णी,अर्शीन यादव।

दिल्ली कैपिटल्स~ अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुशमंथा चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल, माधव तिवारी।



## बॉक्स ऑफिस पर होगा महामुकाबला! साउथ की ये धांसू फिल्में होंगी रिलीज

अप्रैल 2025 के इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक या दो नहीं बल्कि 3 साउथ की फिल्में रिलीज होने जा रही है। मार्च की तरह ये महीना भी सिनेमा प्रेमियों के लिए बहुत खास होने वाला है। इस बार ओटीटी पर ही नहीं बड़े पर्दे पर भी कुछ नई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने को पूरी तरह से तैयार है। ये नई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते दिखाई देने वाली है। अब अप्रैल के आखिरी हफ्ते के पहले तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं की मूवीज धमाकेदार कमाई करने की तैयार में लग गई है। इसमें साउथ सुपरस्टार मोहनलाल की थूडरम, शेन निगम की हाल और द पेट डिटेक्टिव शामिल है। 24 और 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में साउथ की एक्शन से लेकर रोमांटिक तक कई जॉनर की मूवी धमाका करने वाली है।

### थुडारम

कास्टः मोहनलाल,शोभना,फरहान फासिल,इरशाद अली, थॉमस मैथ्यू

निर्देशकः थारुण मूर्ति

रिलीज डेटः 25 अप्रैल

थुडारम में साउथ सुपरस्टार मोहनलाल और शोभना सालों बाद एक बार फिर से साथ स्क्रीन पर नजर आएंगे। यह फिल्म शानमुगम के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक टैक्सी ड्राइवर है और अपनी ब्लैक एंबेसडर से बेहद प्यार करता है। चार पहिया वाहन के प्रति उसका प्यार तब दिलचस्प मोड़ लेता है जब कार गायब हो जाती है।

हाल कास्टः शेन निगम, साक्षी वैद्य, जॉनी एंटनी, निशांत सागर निर्देशकः वीरा रिलीज डेटः 24 अप्रैल

रोमांटिक ड्रामा हाल एक इंटरकास्ट लव स्टोरी है, जिसका समाज और कपल का परिवार भी कड़ा विरोध करता है। इसमें कपल अपने प्यार के लिए दुनिया से लड़ाते दिखाई देते हैं और शादी करने का फैसला करते हैं। हालांकि, इस बीच उन्हें बहुत सी परेशानियां झेलनी पड़ी है।

द पेट डिटेक्टिव

कास्टः अनुपमा परमेश्वरन, जीओमन ज्योतिर, शराफुद्दीन, विनय फोर्ट

निर्देशकः प्रणीश विजयन

रिलीज डेटः 25 अप्रैल

द पेट डिटेक्टिव की काहानी एक कपल और उनके उलझे रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमता है जो उनके पालतू जानवर से बहुत प्यार करते हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी में आज रिश्तों की हालत कैसी हो गई है। यह सब दिखाया है।

# एक ही फिल्म से बनी लेडी सुपरस्टार,12 साल में की 100 से ज्यादा फिल्में,31 साल में हुई मौत,21 साल बाद भी है रहस्य

हजारों लोग एक्टर बनने की चाहत लेकर सिनेमा की दुनिया में आते हैं, लेकिन कुछ ही लोगों का सपना पूरा होता है। कई एक्टिंग के दम पर दर्शकों के दिल में उतर जाते हैं। सिल्वर स्क्रीन पर ये सितारे अपना हुनर दिखाने में कामयाब रहते हैं और इसी के दम पर एक तगड़ा फैन बेस बन जाता है। कई बार फैंस इनके मुरीद बन जाते हैं। तगड़ी फैन फॉलोइंग के दम पर ही ये सितारे सुपरस्टार का स्टेटस हासिल कर पाते हैं। आज हम एक ऐसी ही हसीना के बारे में बात करेंगे जो छोटी सी उम्र में ही फिल्मों में काम करने लगीं और चंद फिल्मों से ही इंडस्ट्री में अपनी जगह पक्की कर लोगों की पसंदीदा बन गई, लेकिन कौन ही ये जानता था कि सिर्फ 31 साल की उम्र में ही वो नेम-फेम कमाने के बाद दुनिया को अलविदा कह देंगी।

### इस फिल्म से की करियर की शुरुआत

सौंदर्या की खूबसूरती और अभिनय आज भी दर्शकों को आकर्षित करती है। उन्हें साउथ सिनेमा की 'लेडी सुपरस्टार' कहा जाता था। सौंदर्या के बारे में एक आश्चर्यजनक बात यह है कि उन्होंने बॉलीवुड में सिर्फ एक फिल्म से अपना नाम बनाया और दबदबा कायम किया, लेकिन जब वह अपने करियर के चरम पर थीं तो उनके साथ हुआ, उसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। सौंदर्या का असली नाम सौम्या सत्यनारायण है। अभिनेत्री ने 1992 में कन्नड़ फिल्म 'बा नन्ना प्रीतिसु' से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद सौंदर्या ने टॉलीवुड में फिल्म 'मनवराली पेली' से कदम रखा था, जो 1993 में रिलीज हुई थी।

### साउथ में था दबदबा

साल 1993 में सौंदर्या ने तमिल फिल्म 'पोन्नुमानी' में एक शानदार परफॉर्मेंस दी, जिसके लिए उन्हें आज भी सराहा जाता है। तेलुगु फिल्म 'हेलो ब्रदर' में अभिनय करने के बाद उनका स्टारडम तेजी से बढ़ा। इस दौरान सौंदर्या मनोरंजन जगत में एक बड़ा नाम थीं। सभी किरदारों की भावनाओं को सहजता से चित्रित करने की उनकी क्षमता ने उन्हें पसंदीदा बना दिया। सौंदर्या को साउथ सिनेमा में छा जाने में ज्यादा समय नहीं लगा और वे फिल्म इंडस्ट्री की पसंदीदा अभिनेत्री बन गईं।



मेकर्स ने उन्हें नागार्जुन, रजनीकांत और चिरंजीवी जैसे टॉप स्टार्स के साथ जोड़ा। एक्टर वेंकटेश के साथ उनकी ऑनस्क्रीन जोड़ी सबकी फेवरेट बन गई थी।

### बॉलीवुड में एक ही फिल्म से छोड़ी छाप

सौंदर्या का स्टारडम बॉलीवुड में भी गूंजा, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड में सिर्फ एक फिल्म की। अमिताभ बच्चन के साथ 1999 में आई फिल्म सूर्यवंशम ब्लॉकबस्टर रही। इस फिल्म से उन्हें पूरे भारत में पहचान मिली और फिल्म में उनकी स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिर्फ एक फ़िल्म से ही सौंदर्या हिंदी दर्शकों की पसंदीदा बन गई। आज भी ये फिल्म सिटकॉम पर खूब देखी जाती है और कहा जाता है कि ये सबसे ज्यादा सिटकॉम पर चलाई जाने वाली फिल्म है। बता दें कि सौंदर्या ने 12 साल के करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। सौंदर्या ने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। 'अम्मोरू' और 'पवित्र बंधन' जैसी फिल्में सुपरहिट रहीं। सौंदर्या को उनके शानदार फिल्मी करियर के लिए प्रतिष्ठित फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और नंदी अवॉर्ड्स से नवाजा गया।

### फिल्मों के बाद राजनीति में रखा कदम

फिल्म इंडस्ट्री में छा जाने के तुरंत बाद सौंदर्या ने राजनीति में भी कदम रखा। फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने समाज की बेहतरी के लिए भी काम किया। साल 2004 में सौंदर्या ने खुद को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जोड़ लिया। सौंदर्या ने आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। अपनी अच्छी छवि के दम पर उन्होंने राजनीति में भी मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित किया। जनता से घुलने-मिलने के अपने खास अंदाज की वजह से वे राजनीति में भी लोकप्रिय हो गईं। सौंदर्या की जिंदगी का दुखद अंत 17 अप्रैल 2004 को हुआ, जब एक विमान दुर्घटना में उनकी मौत हो गई।

### इस तरह हुई मौत

कहा जाता है कि जिस विमान में वो यात्रा कर रही थीं, वह बेंगलुरु के पास जक्कुर हवाई पट्टी से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सौंदर्या आंध्र प्रदेश में भाजपा के चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने जा रही थीं। विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। सौंदर्या के साथ उनके भाई की भी मौत हो गई। उस समय सौंदर्या की उम्र महज 31 साल थी। ऐसी अफवाहें भी उड़ीं कि घटना के समय सौंदर्या गर्भवती थीं,जबकि 2003 में उनकी शादी सॉफ्टवेयर इंजीनियर रघुनाथ से हुई थी। फिलहाल अब एक्ट्रेस की मौत को लेकर एक बार फिर कई दावे किए जा रहे हैं। 21 साल बाद कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस रहस्यमयी मौत एक दुर्घटना नहीं बल्कि सोचा समझा मर्डर था। इस मामले पर एक्टर मोहन बाबू पर गंभीर आरोप भी लगे।

# कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का सीएम हाउस घेराव

## दीपक बैज ने अपराध के आंकड़ों के साथ सरकार पर बोला हमला,एक साल में 93 हत्याओं का दावा

**रायपुर,21 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का ऐलान किया। प्रदर्शन से पहले आयोजित सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला और अपराध से जुड़े आंकड़े साझा किए।

सभा स्थल पर पूर्व पीसीसी चीफ धनेंद्र साहू,पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू और वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा भी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए बैज ने कहा, प्रदेश की जनता आज डरी हुई है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हमारी लड़ाई जनता के हक और बेटियों की सुरक्षा के लिए है।




### 93 हत्याएं केवल रायपुर में .बैज का दावा

बैज ने आरोप लगाया कि सिर्फ रायपुर में पिछले एक साल में 93 हत्याएं हुई हैं। उन्होंने कहा, दुर्ग और रायपुर जैसे शहरों में बेटियों के साथ बलात्कार हो रहे हैं। मुंगेली में एक लड़की 10 दिनों से गायब है और सरकार उसे तलाश नहीं पा रही। मरवाही में भी बलात्कार की खबर आई है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आगे कहा कि अपराध के खिलाफ आवाज उठाना आज जरूरी हो गया है क्योंकि भाजपा सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह विफल रही है।

### जनता का गुस्सा सड़कों पर

पीसीसी चीफ ने यह भी कहा कि प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेस कार्यकर्ता कड़ी धूप में रायपुर पहुंचे हैं, जो यह दिखाता है कि जनता अब चुप नहीं बैठने वाली। यह प्रदर्शन किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि जनता की आवाज है जो अब सड़कों पर उतर चुकी है।

## 10 में से 8 मामलों में आरोपी का होता है कांग्रेस कनेक्शनःसंजय श्रीवास्तव

प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था और महिलाओं के प्रति आए दिन हो रहे अपराध को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। वहीं आज प्रेसकॉन्फ्रेंस में भाजपा ने कांग्रेस के इस प्रदर्शन को अपराध के खिलाफ अपराधियों का प्रदर्शन करार दिया। कांग्रेस के सीएम निवास घेराव को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस का प्रदर्शन आम लोगों के लिए आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा कि 10 में से 8 मामलों में अपराधी कांग्रेस से जुड़े होते हैं। वहीं कांग्रेस के शासनकाल में नशे को बढ़ावा दिया जाता रहा। इस दौरान भाजपा के महामंत्री ने भूपेश सरकार की प्रमुख घटनाएं गिनाई। उन्होंने कहा कि सूरजपुर की घटना में कांग्रेस कार्यकर्ता कुलदीप साहू था। बलौदाबाजार की घटना में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की भूमिका सामने आई। कांग्रेस विधायक उत्तरी जांगड़े ने भी भड़काऊ भाषण से उकसाने का प्रयास किया। बिलासपुर की घटना जहां पीएम आवास के नाम पर युवती से रेप हुआ, इस मामले में भी कांग्रेस के पूर्व पार्षद काशीनाथ रात्रे का नाम सामने आया। बालोद सुसाइड मामले में पूर्व मंत्री अकबर का नाम, नारायणपुर में बीजेपी नेता रतन दुबे की हत्या में भी कांग्रेस का हाथ सामने आया।



### कांग्रेस के प्रदर्शन को भाजपा ने बताया पाखंड, कहा- अपराधी मन के फौज...

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज कांग्रेस सीएम हाउस का घेराव कर रही है। बता दें कि घेराव से पहले नगर निगम के सामने एक जनसभा भी आयोजित हुई। जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कांग्रेस का यह प्रदर्शन दिनों दिन बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था को लेकर है।छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने दावा किया है कि सिर्फ रायपुर में ही एक साल में 93 हत्याएं हुई है। कांग्रेस प्रदेशभर में एक साल में अलग-अलग अपराधों के आंकड़े भी जारी किए हैं। बैज ने कहा कि, भाजपा सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हुई है और जनता डरी हुई है। वहीं छत्तीसगढ़ भाजपा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे पाखंड बताया है। एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर बीजेपी ने लिखा है कि-अपराधी मन के फौज,अब नई कर पाही छत्तीसगढ़ मा मौज...।

## मुख्यमंत्री निवास घेराव में बड़ी संख्या में शामिल हुए एनएसयूआई कार्यकर्ता



आज दिनांक 21 अप्रैल 2025 को दुर्ग में मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों हत्या,बलात्कार,लूट, डकैती के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री निवास घेरावआंदोलन का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे और प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। धमतरी जिला एनएसयूआई की ओर से भी भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने इस आंदोलन में भाग लिया। धमतरी जिले से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन में सक्रिय भागीदारी निभाई और राज्य सरकार से कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर जवाब माँगा।

राजा देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटियों की सुरक्षा से सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती और सरकार जवाबदेही नहीं निभाती, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। यह आंदोलन जनता की आवाज को शासन तक पहुँचाने का प्रयास है और इस प्रकार की अमानवीय घटनाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करता है। इस दौरान अरविन्द यादव ,नोमेश सिन्हा ,ओमप्रकाश मानिकपुरी,चितेन्द्र साहू,सुदीप सिन्हा,धर्मेंद्र पटेल ,कमल साहू,त्रिभुवन मंडावी,बसंत सिन्हा ,विवेक यदु,अमन गोस्वामी,उमेश साहू ,तेजप्रताप साहू सहित दर्जनों की संख्या में एनएसयुआई कार्यकर्ता उपस्थित हुये।

## राज्य में बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेसी उतरे सड़क पर

प्रदेश में बढ़ते अपराधों के खिलाफ कांग्रेस आज सड़कों पर उतर आई। पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। घेराव से पहले नगर निगम मुख्यालय के सामने बड़ी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा में नेताओं ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, लूट, हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों को लेकर साय सरकार को कठघरे में खड़ा किया। हालांकि इस प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव की गैरहाजिरी चर्चा का विषय बनी रही।प्रदेश भर से पहुंचे नेताओं और कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व पीसीसी चीफ धनेंद्र साहू, सह-प्रभारी विजय जांगीड़,जरिता लैतफलांग,महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत गैदू,विधायक अंबिका मरकाम, उमेश पटेल,चातुरी नंद,पूर्व विधायक अरुण वारा,गुरमुख होरा,पूर्व सांसद छाया वर्मा,अनीता शर्मा,पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल,विकास उपाध्याय,सत्यनारायण शर्मा,प्रमोद दुबे समेत एनएसयूआई,यूथ कांग्रेस और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहे। 42 डिग्री हो या 45,हमें हमारी माता-बहनों को बचाने से कोई नहीं रोक सकता। आत्मानंद स्कूल की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म हुआ, गर्भवती हो गई,प्रशासन को भनक तक नहीं लगी। हर 3 घंटे में एक बलात्कार हो रहा है,सरकार को होश नहीं।वो जनता के लिए नहीं,भक्षक बनकर काम कर रहे हैं। गृह मंत्री बंगाल पर बयान दे रहे हैं, इतनी चिंता है तो इस्तीफा दें और वहां जाकर पद संभालें। जो खुद को आदिवासी नहीं मानते,वो बस्तर में जाकर आदिवासियों के संघर्ष पर भाषण दे रहे हैं।बलौदाबाज़ार और बलरामपुर की घटनाएं साबित करती हैं कि जनता का प्रशासन से विश्वास उठ गया है। डेढ़ साल में छत्तीसगढ़ ने अपराध के मामलों में तेजी से छलांग लगाई है।

### रामविचार नेताम का तंज- गिरती जा रही है पार्टी की साख



भाजपा मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। मंत्री नेताम ने कहा, कांग्रेस पर 'ढाक के तीन पात' की कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है। पार्टी अपने आंदोलनों में केवल कार्यकर्ताओं को आगे करती है, लेकिन शीर्ष नेता खुद नज़र नहीं आते। इससे जनता के बीच कांग्रेस की साख लगातार गिरती जा रही है।

## महत्वपूर्ण खबर

### सीएएफ जवान मनोज शहीद



**प्रेशर बम नक्सलियों ने किया विस्फोट**

**बीजापुर,21 अप्रैल 2025 (ए)।** जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक जवाब प्रेशर बम की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का एक जवान शहीद शहीद हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तोयनार से फरसेगढ़ के बीच मोरमेड गांव के जंगल में प्रेशर बम की चपेट में आकर सीएएफ 19 वीं बटालियन का 26 साल का जवान मनोज पुजारी शहीद हो गया है उन्होंने बताया कि तोयनार से फरसेगढ़ के बीच बन रही सड़क की सुरक्षा के लिए सीएएफ के दल को गश्त पर रवाना किया गया था। दल जब तोयनार से फरसेगढ़ की ओर चार किलोमीटर दूर मोरमेड गांव के जंगल में था। तब सुरक्षाबल के जवान मनोज का पैर प्रेशर बम के ऊपर चला गया। इससे बम में विस्फोट हो गया और वह शहीद हो गया।

### 2 वन्य प्राणी की मौत,तेंदुए और वन भैंसा की मिली लाश



**महासमुंद,21 अप्रैल 2025 (ए)।** जिले के खल्लारी क्षेत्र में करंट लगाकर जंगली जानवरों का शिकार करने का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आज सुबह नेशनल हाईवे 353 के पास स्थित मातेश्वरी पहाड़ी के नीचे वन विभाग के कक्ष क्रमांक 182 में करंट की चपेट में आने से एक तेंदुए और वन भैंसा की मौत का मामला सामने आने के बाद वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों मृत जानवरों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों पर चिंता जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 60 साल के आदिवासी ने पीएफकोर्ट में हिंद एनर्जी को दी तगड़ी पटकनी

### खुलेंगे मनी लॉन्ड्रिंग के राज ?

**रायपुर,21 अप्रैल 2025 (ए)।** अक्सर कहा जाता है कि पैसा और पावर मिलकर कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने इस सोच को गलत साबित कर दिया है। यहां एक विशालकाय कंपनी, जिससे बड़े-बड़े अफसर भी टकराने से घबराते हैं, उसे एक साठ वर्षीय गरीब आदिवासी ने कानूनी दांवपेंच में करारी शिकस्त दी है। जी हां, मामला है कांति प्रधान और हिंद एनर्जी कंपनी के बीच का, जहां आदिवासी की जीत ने कई बड़े राज खुलने की उम्मीद जगा दी है। कंपनी अब तक यह दावा करती आई थी कि कांति प्रधान सिर्फ उनके लिए जमीन खरीदने का छोटा-मोटा काम करते थे,



कर्मचारी नहीं थे। लेकिन भविष्य निधि कमिश्नर गौरव डोगरा ने इस झूठ की पोल खोल दी। अपने सख्त और निष्पक्ष स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले कमिश्नर डोगरा ने कांति प्रधान की शिकायत पर सुनवाई करते हुए, ईपीएफ स्कीम 26बी के तहत उन्हें हिंद एनर्जी का बाकायदा कर्मचारी घोषित किया है। उन्होंने कंपनी को आदेश दिया है कि वह कांति प्रधान के भविष्य निधि की पूरी बकाया राशि जल्द से जल्द अदा करे। यह महत्वपूर्ण फैसला 13 मार्च 2025 को सुनाया गया।

पीएफ कमिश्नर के इस आदेश को कंपनी ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में चुनौती दी है, लेकिन इस निर्णय से कंपनी के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। यह फैसला अप्रत्यक्ष रूप से उन गंभीर आरोपों को बल देता है, जिनमें कहा जाता रहा है कि हिंद एनर्जी ने कांति प्रधान जैसे लोगों के नाम पर मनी लॉन्ड्रिंग की और बेनामी संपत्तियां खरीदीं।

हिंद एनर्जी पर पहले भी हत्या और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे सनसनीखेज आरोप लगते रहे हैं, जिन पर कथित तौर पर विष्णु देव साय की सुशासन वाली सरकार आंखें मूंदे हुए है। लेकिन अब एक गरीब आदिवासी की जीत ने इन आरोपों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की उम्मीद फिर से जिंदा कर दी है। पूरा प्रदेश और खासकर प्रभावित लोग अब उच्च न्यायालय की ओर देख रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या उच्च न्यायालय में भी कंपनी अपनी झूठी दलीलों से बच निकलती है, या फिर इस आदिवासी की जीत न्याय के एक बड़े दरवाजे को खोलने का माध्यम बनेगी।

## एसीबी ने पकड़े बिजली विभाग के एईऔर पटवारी

**रायपुर,21 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट अधिकारियों पर एसीबी ने बड़ा एक्शन लिया है। रिश्वत लेते दो अधिकारियों को पकड़ा है। रायपुर में पदस्थ बिजली विभाग के सहायक अभियंता को 25 हजार की रिश्वत और कोरबा के एक पटवारी को किसान से 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। पीड़ित बी. शिवाजी राव निवासी चरोदा, भिलाई द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर में शिकायत की गई कि उसके द्वारा एसी सर्विस के व्यवसाय चालू करने हेतु 12 किलोवाट थ्री-फेस बिजली कनेक्शन की आवश्यकता होने से छ0ग0 राज्य विद्युत वितरण कंपनी चंगोराभाठा जोन में आवेदन किया था। थ्री-फेस बिजली कनेक्शन देने के एवज में छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी चंगोराभाठा जोन में पदस्थ सहायक अभियंता प्रवीण साहू के द्वारा 25,000 रू. रिश्वत की मांग की गई। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था, बल्कि उसे रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत के सत्यापन पश्चात एसीबी रायपुर द्वारा ट्रेप आयोजित कर आज रिश्वत की राशि 25,000 रू. लेते हुये सहायक अभियंता प्रवीण साहू को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की जा रही है। दूसरा मामला कोरबा का है। समर सिंह, निवासी दुल्लापुर पाली, जिला कोरबा द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में शिकायत की कि वह 40 वर्षो से ग्राम दुल्लापुर में करीब सवा तीन एकड़ जमीन पर काबिज होकर खेती कर रहा है। राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम ऑनलाइन दर्ज करने के एवज में पाली में पदस्थ पटवारी सुल्तान सिंह बंजारा के द्वारा 25,000 रू. रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित पटवारी को रिश्वत नहीं देना चाहता था, बल्कि उसे रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। अतः शिकायत के सत्यापन पश्चात एसीबी बिलासपुर द्वारा ट्रेप आयोजित कर आज 21 अप्रैल को रिश्वत के प्रथम किश्त 10,000 रू. लेते हुये पटवारी सुल्तान सिंह बंजारा को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।




# बीजेपी नेता ने कांग्रेस नेता को निपटाया

### हत्याकांड का हो गया खुलासा

**कोंडागांव,21 अप्रैल 2025 (ए)।** जिले के युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष हेमंत भोयर की संदिग्ध मौत को लेकर पुलिस ने शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी किया है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि यह महज एक हादसा नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या थी। कार से टक्कर के बाद भी कांग्रेसी नेता हेमंत भोयर जीवित था। टक्कर के बाद उसकेरॉड से सिर पर वार कर किया गया था। मामले में भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी पुरेंद्र कौशिक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। दरअसल, 18 अप्रैल को हेमेंद्र भोयर अपनी भाभी चंपी भोयर के साथ शादी का कार्ड बांटने के लिए कोंडागांव जा रहे थे, तभी डोंगरीगुड़ा ढाबे के पास पीछे से तेज रफ्तार में बीजेपी नेता ने टक्कर मार दी। हादसे में हेमंत गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। शुरुआती जांच में इसे सड़क दुर्घटना माना गया था, लेकिन परिजनों के शक के बाद पुलिस ने जांच की दिशा बदली। जांच में सामने आया कि आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते जानबूझकर टक्कर मारी थी। इतना ही नहीं,हादसे के बाद भी जब हेमंत की मौत नहीं हुई थी, तब कथित रूप से पुरेंद्र कौशिक ने लोहे की पाइप से उनके सिर पर वार कर हत्या की। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की छानबीन कर रही है।



# फर्जी डॉक्टर के इलाज से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की मौत

### 19 साल बाद बड़ा खुलासा

**बिलासपुर,21 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ डॉ. जान केम के खिलाफ सरकंडा थाने में गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई 19 साल पहले 2006 में हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की मौत के मामले में की गई है। उनके बेटे डॉ. प्रदीप शुक्ल ने आरोप लगाया है कि फर्जी डॉक्टर के गलत इलाज से उनके पिता की जान गई थी।इस मामले में अपोलो अस्पताल, बिलासपुर को भी आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि बिना दस्तावेज सत्यापन के ही आरोपी डॉक्टर को भर्ती कर इलाज की जिम्मेदारी दी गई, जिससे यह गंभीर लापरवाही हुई। जांच में खुलासा हुआ कि अपोलो प्रबंधन ने केवल बायोडाटा के आधार पर डॉक्टर की नियुक्ति की थी। उसके पास न कोई वैध डिग्री थी और न ही विशेषज्ञता के दस्तावेज। यह वही अस्पताल है जिसे तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने वीआईपी ट्रीटमेंट के लिए चुना था।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)